वर्ष- 21 अंक - 292 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 8 अप्रैल 2026



## झुक गए... रुक गए ट्रंप

# ईरान की शर्तों पर युद्धविराम

## » घर में घिरे डोनाल्ड, इस्तीफे की मांग » ईरान में जश्न मनाने के लिए सड़कों पर उतरे लोग

बुधवार ● एजेंसी

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल ने जो युद्ध छेड़ रखा है वह अब थम सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान की शर्तों पर समझौता करते हुए दो हफ्तों के युद्ध विराम का ऐलान किया है। अमेरिका के बड़े-बड़े नेता और दर्जनों सांसदों का कहना है कि ट्रंप झुक गए। उन्होंने सरेंडर कर दिया। इन सभी ने ट्रंप के इस्तीफे की मांग की है। उधर युद्ध विराम के ऐलान के बाद ईरान में लोग जश्न मनाने के लिए झंडे लेकर सड़कों पर उतर गए। ज्ञात रहे कि पिछले 40 दिनों से यह युद्ध चल रहा है। युद्ध विराम के ऐलान के बाद ट्रंप ने इसे अपनी जीत बताया। खास बात यह है कि ट्रंप ने ईरान को जो डेडलाइन दी थी उससे पहले ही ट्रंप ने युद्ध रोक दिया। इस बीच ईरान ने कहा कि वह अपनी 10 शर्तें मंजूर होने पर ही युद्ध की समाप्ति को स्वीकार करेगा।



### पाकिस्तान नहीं, चीन बना सीजफायर का सूत्रधार

ईरान में अचानक सीजफायर को लेकर अब एक बड़ा खुलासा सामने आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि चीन ने पर्दे के पीछे अहम भूमिका निभाते हुए ईरान को बातचीत के लिए राजी किया। ट्रंप ने यहां तक कहा कि उन्हें 'विश्वास है' कि चीन की पहल के बिना यह सीजफायर संभव नहीं था। चीन ने पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र जैसे देशों के जरिए ईरान तक संदेश पहुंचाया। पाकिस्तान ने सीजफायर कराने का किया दावा था।

# सीजफायर का शेयर बाजार में ग्रैंड वेलकम

## सोना चांदी रॉकेट की तरह उड़े

## रुपया भी मजबूत

## कच्चे तेल के दाम गिरे



बुधवार ● एजेंसी

अमेरिका-ईरान जंग के युद्ध विराम का आज शेयर बाजार ने ग्रैंड वेलकम किया। बाजार खुलते ही सेंसेक्स 2700 अंक चढ़कर 77290 पहुंच गया। जबकि निफ्टी भी 800 अंक उछलकर 23915 तक पहुंचा। उधर सोना के दाम में 3600 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 13 हजार रुपए किलो की बढ़ोतरी हो गई। डॉलर के मुकाबले रुपया भी 35 पैसे मजबूत हो गया। इसी तरह कच्चे तेल के दाम गिरकर 100 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए।

- सीज़फ़ायर के ऐलान के बावजूद इज़रायल अभी भी ईरान में कर रहा हमले
- लेबनान में कोई सीजफायर नहीं', नेतन्याहू के इस ऐलान से यूएस-ईरान युद्धविराम पर खड़ा हुआ सवाल
- सीजफायर के बीच भी अरब मुल्कों में दहशत, सऊदी-कतर-कुवैत से लेकर यूएई तक में हाई अलर्ट

### ट्रांज़िट फ़ीस लेगा ईरान

सीज़फ़ायर बातचीत के हिस्से के तौर पर, ईरान और ओमान को होर्मुज़ स्ट्रेट से गुज़रने वाले जहाज़ों से फ़ीस लेने की अनुमति दी जा सकती है। ईरान इस कमाई का इस्तेमाल युद्ध के बाद के पुनर्निर्माण के लिए करेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ...

### इस बार भी रेपो रेट में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बीते फरवरी महीने की तरह इस बार भी रेपो रेट को 5.25 प्रश पर यथावत रखा गया है, यानी इसमें कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। इसका सीधा मतलब है कि आपके होम लोन या कार लोन की ईएमआई पर कोई भी असर नहीं होगा, न तो ये घटेगी और न ही ये बढ़ेगी।

### बिहार के नए मुख्यमंत्री का फैसला 10 को

**नई दिल्ली.एजेंसी।** बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर 10 अप्रैल को दिल्ली में बीजेपी की अहम बैठक होगी। इसमें पार्टी के केंद्रीय और राज्य स्तर के नेता शामिल होंगे। बैठक में नए मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा और सहमति बनाने की कोशिश होगी। नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद शपथ कार्यक्रम पर भी बात हो सकती है।10 अप्रैल को नीतीश कुमार भी दिल्ली में ही मौजूद रहेंगे। दरअसल, उन्हें इसी दिन राज्यसभा की सदस्यता की शपथ लेनी है।

### असम में फिर हिमंता

**गुवाहाटी.एजेंसी।** असम में 9 अप्रैल को होने वाले चुनाव में भाजपाई मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को फिर बढ़त मिल सकती है। एक सर्वे के मुताबिक कुल 126 सीटों में से भाजपा 90 सीटें जीत सकती है। जबकि कांग्रेस को 15-20 सीटें मिलने के आसार हैं।

### मधुमक्खियों के हमले से रिटायर्ड कर्मचारी की मौत

**चंद्रपुर.एजेंसी।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर में क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले से हड़कंप मच गया। तेज डीजे की आवाज से भड़की मधुमक्खियों ने खिलाड़ियों और दर्शकों पर हमला कर दिया, जिसमें एक रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो गई, वहीं दो अन्य लोग घायल हो गए हैं।

### जंग में 3640 मौतें, 90 हजार घर गिरे

**बुधवार.एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान की 40 दिन की जंग में 3640 लोग मारे गए, हजारों लोग घायल हो गए। जबकि 90 हजार घर, स्कूल, अस्पताल तबाह हो गए। ईरान और लेबनान में सबसे ज्यादा मौतें हुईं। जबकि खाड़ी देशों में भी भारी नुकसान हुआ। इस युद्ध के कारण दुनियाभर में डीजल-पेट्रोल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई जिससे घर से लेकर बाजार तक का काम प्रभावित हुआ।



### सड़क पर पोहा-जलेबी बेचने लगीं उमा भारती

**टीकमगढ़.एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती टीकमगढ़ में सड़क के किनारे ठेले पर पोहा और जलेबी बेचती हुई नजर आईं। टीकमगढ़ नगर पालिका ने मंगलवार को सड़क किनारे लगे ठेले और गुमटी को तोड़कर हटा दिए थे। नगर पालिका के अभियान के खिलाफ उमा भारती ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया। उमा भारती खुद टीकमगढ़ की सड़क के किनारे ठेले पर जलेबी और पोहा बेचने के लिए उतर गई।

### पूर्व मंत्री मोहसिना किदवई का निधन

**बाराबंकी.एजेंसी।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का निधन हो गया। केदवई ने 93 वर्ष की उम्र में दिल्ली के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली। मोहसिना किदवई के निधन पर कांग्रेस के साथ ही अलग-अलग दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। मोहसिना किदवई की गिनती नेहरू-गांधी परिवार के सबसे करीबी नेताओं में होती थी।

**एक्ट्रेस जरीन खान की मां का निधन-** बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान की मां परवीन खान का 8 अप्रैल को निधन हो गया है। परवीन खान उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं और अक्टूबर 2025 से दो बार अस्पताल में भर्ती हो चुकी थीं।



# भागीरथपुरा से जुड़े कांग्रेस नेता और रहवासी पहुंच गए बजट बैठक के दौरान

### सभी मृतक के परिवार को नहीं मिला मुआवजा, जिनको मिला वह भी कम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



कांग्रेस नेता और भागीरथपुरा पीड़ित परिवार संघ से जुड़े रानू मलोरिया के साथ भागीरथपुरा के रमेश बिजवा, महेश खींची, प्रवीण सूर्यवंशी, छोटेलाल मौर्य के नेतृत्व में रहवासी बजट बैठक के दौरान वहां पहुंच गए। नारेबाजी भी की और कहा कि भागीरथपुरा में 36 से अधिक मौते हुई है। मात्र कुछ ही लोगों को निगम द्वारा 2 लाख का मुआवजा दिया गया है, जबकि सामान्य मौत में 2 लाख दिए जाते हैं। जिन मृतक परिवार को मुआवजा नहीं मिला उनको मुआवजा दिया जाए और जिन परिवार को 2 लाख का मुआवजा दिया गया है वह कम है बढ़ाया जाए, मृतक परिवार में शासकीय नौकरी भी दी जाए। पिछले तीन माह से भागीरथपुरा के रहवासी परेशान है, क्षेत्रीय पार्षद कमल वाघेला को बार-बार शिकायत के बाद भी वे काम नहीं करवा रहे हैं। मुआवजा और नौकरी के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा को भी हमने आवेदन दिए हैं। भागीरथपुरा में सुविधा भी मुहैया नहीं हो रही है। यहां के लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं। इन सभी ने आरोप लगाया कि जब वे बजट के दौरान परिषद कार्यालय पहुंचे तो भाजपा नेता और कुछ परिषद सदस्यों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, डराने की कोशिश भी की उसके बावजूद पीड़ित परिवार की महिलाओं ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि हमारे घर से कमाने वाला चला गया है और हमें डरा रहे हो, तुम्हारे घर का कोई मरेगा तब पता चलेगा। यह भी कहा कि पिछले चार दिनों से नलों से गंदा पानी आ रहा है, शिकायत के बाद भी क्षेत्रीय विधायक, पार्षद और अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। अधिकारी भी चिह्नित घरों पर पहुंचे और सभी रहवासियों से बात किए बिना फोटो खिचवाकर चले आए। इस दौरान परिषद का ध्यान आकर्षित करने के लिए पोस्टर भी भागीरथपुरा के रहवासियों ने दिखाए, कुछ ने अपने कुर्ते पर भी स्लोगन लिख रखे थे। सोनाली अशोक पवार, जीवन बडले, अभियान साहू, उमा बिहारी कोरी, संतोष राव, अनिल कोरी, सतीश वर्मा, सुभद्रादेवी, मनीष पवार, तारा रानी कोरी, संतोष पुलेरीया मौजूद थे।



## पार्षद गिदवानी ने करवाया सिंधी मातृशक्ति समूह का गठन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पार्षद कंचन गिदवानी ने 'हैप्पी हार्ट्स' मातृशक्ति समूह का गठन करवाया। कई मातृशक्तियों ने शिरकत की। इस समूह की लीडर जया बालचंदानी को अध्यक्ष के रूप में बनाया। सिंधी समाज से जुड़ी मातृशक्तियों के गठन के दौरान 'आयो लाल झूलेलाल' के जयकारों के साथ सभी महिलाओं का स्वागत किया। गिदवानी का स्वागत करिश्मा बालचंदानी एवं वैशाली बालचंदानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मधु गिरदानी, कांता रहेजा, रेखा हरियानी, महिमा डिगवानी, रिया डिगवानी, ऋतु, दीपा सचदेव, पूजा, वीना, सरिता, गुंजन, प्रियंका एवं मनीषा केसवानी सहित सभी मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।

# बजट के तनाव के बाद जनता का तनाव खत्म करने पहुंचे महापौर

### रहवासी घबरा रहे थे भागीरथपुरा जैसे हालात ना बन जाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम का भारी भरकम बजट कल महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने भाजपाई पार्षदों के सपोर्ट के साथ पेश किया। इधर कांग्रेसी पार्षद विरोध करते रहे। बजट बनवाना और बजट को प्रस्तुत करना आसान काम नहीं है। इन सब तनाव के बीच बजट प्रस्तुतिकरण के बाद महापौर विधानसभा 5 के वार्ड 37 स्थित सांईकृपा कालोनी के रहवासियों के बीच पहुंचे, जहां तीन दिनों से बोरिंग में गंदा पानी आने की समस्या बताई जा रही थी। पूर्व में भी पार्षद को शिकायतें की गई थी, समस्या उनके माध्यम से हल नहीं हो रही थी। आखिरकार महापौर ने पहुंचकर अधिकारियों को कहा कि यह समस्याएं तत्काल हल हो जाना चाहिए। क्षेत्रीय पार्षद के खिलाफ भी लोगों ने कहा कि समस्या हल नहीं करवा पा रहे हैं, जबकि पार्षद झोन अध्यक्ष भी है।



कई लोगों ने खुली शिकायत भी की। इस दौरान झोनल अधिकारी प्रकाश नागर, भू-जल सुरक्षा विशेषज्ञ सुरेन्द्र मोहन शर्मा, इंजीनियर आकाश लश्करी भी मौजूद रहे और 48 घंटे में समस्या हल करने की बात की गई। इस दौरान अशोक काले, शंकर कुमावत, राकेश जायसवाल, नेहा कानूनगो, वीरेंद्र तोमर, राजेश तोमर, पंकज वैद्य, रितेश रघुवंशी, गौरव डाबर, आनंद गुप्ता एवं रहवासी उपस्थित थे।

## सपा की भोपाल बैठक में शामिल हुए इन्दौरी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों की प्रादेशिक बैठक सपा कार्यालय भोपाल में प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। रामस्वरुप मंत्री, बटेश्वरनाथ सिंह, राजेंद्र यादव, सुषमा यादव, डीएस मिश्रा, ललित मेहरा, शांति मौर्य, लालू यादव, के यादव सुरेश सूरजवानी मौजूद थे।



## प्रशिक्षण वर्ग को किया पूर्व विधायक ने संबोधित

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत निर्भय सिंह पटेल मंडल विधानसभा राऊ द्वारा आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग मे कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।





## भाजपा के मंडल अध्यक्ष दौरा कर देने लगे अधिकारियों को निर्देश

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधानसभा 3 के वार्ड क्रमांक 63 के शंकरबाग में बावडी को जीवित रखने के उद्देश्य से मरीमाता मंदिर पर पुरानी बावड़ी का निरीक्षण किया। मंडल अध्यक्ष रीतेश वीरांग ने सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए और यह भी कहा गया कि गोलू शुक्ला के नेतृत्व में बावडी का निरीक्षण किया जा रहा है।

# समस्याओं को लेकर भाराछासं ने किया प्रदर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाराछासं के पूर्व प्रदेश महासचिव सरफराज अंसारी ने बताया कि भारछासं द्वारा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं एवं अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन किया गया। बडी संख्या में छात्र, भाराछासं पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी भी की। पुलिस ने बेरिकेटिंग कर रास्ता रोका। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी पहुंचे थे। छात्रों की परेशानी पर आवाज उठाई गई, छात्रों के भविष्य को लेकर चिंता जताई गई। मूल्यांकन विभाग में सही प्रोफेसरों को नियुक्ति हो, बीएड परिणाम की अनियमितता समाप्त हो, छात्र संगठनों को समान अवसर कार्यक्रम में दिया जाए, विश्वविद्यालय के ठेकों में हो रहे भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई की जाए, तक्षशिला परिसर स्थित लाइब्रेरी को शनिवार एवं रविवार को संचालित किया जाए सहित अन्य मुद्दे उठाए गए।शीघ्र मांगे नहीं मानी गई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी भी भारछासं द्वारा दी गई।



# कांग्रेस पार्षद ने उठाया सवाल, सी-21 में एमओएस में दुकान लगाने की अनुमति किसने दी?

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम परिषद की बैठक में आज प्रश्नकाल भी होगा। इसके लिए कांग्रेस पार्षद के द्वारा यह प्रश्न उठाया गया है कि सी-21 मॉल के एम ओ एस में दुकान लगाने के लिए नगर निगम की ओर से अनुमति किसके द्वारा दी गई है।

निगम परिषद की हर बैठक में प्रश्न कल रखा जाता है। इसके लिए पार्षदों के द्वारा अपने प्रश्न तैयार कर निगम के पास जमा करवाए जाते हैं। इसमें से सभापति एवं महापौर के द्वारा उचित प्रश्न का चयन किया जाता है। जिन प्रश्नों का चयन किया जाता है वह प्रश्न निगम परिषद की बैठक में उठाए जाते हैं। उनका जवाब भी परिषद में ही संबंधित विभाग के महापौर परिषद के सदस्य के द्वारा दिया जाता है। आज हो रही परिषद की बैठक के लिए भी कांग्रेस के पार्षदों की ओर से कम से कम 25 प्रश्न लगाए गए थे। इसमें से 10 प्रश्नों का चयन बैठक में चर्चा के लिए किया गया है।

जो प्रश्न चयनित किए गए हैं उसमें पार्षद विनितिका यादव के द्वारा लगाया गया प्रश्न भी शामिल है। इस प्रश्न में उन्होंने पूछा है कि सी 21 माल एवं मेगा मॉल परिसर के एम ओ एस में अर्थात बिल्डिंग के बाहर के खुले स्थान पर अस्थाई दुकानें लगाई गई है। इन दुकानों में व्यापार किया जा रहा है। उन्होंने जानना चाहा है कि यह दुकान किसकी अनुमति से लगाई गई है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है। यह सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण प्रश्न है। केवल इस माल में ही नहीं बल्कि इसके साथ में ट्रेजर आइलैंड अर्थात टीआई मॉल और रीगल चौराहा पर स्थित सेंट्रल मॉल में भी बिल्डिंग के खुले स्थान में ढेर सारी दुकान लगवाई जाती है। इन दुकानों का हजारों रुपए का किराया माल के संचालक के द्वारा अवैध रूप से वसूल किया जाता है। निगम के अधिकारियों की मिली भगत से यह गोरख धंधा तेज गति से चलता है। आज की परिषद के प्रश्नकाल में विनितिका यादव के तीन प्रश्न लिए गए हैं जबकि रुबीना इकबाल खान के भी तीन प्रश्न है। कांग्रेस पार्षद राजू भदोरिया के दो प्रश्न तथा फोजिया अलीम एवं सोनीला मिमरोट का एक-एक प्रश्न लिया गया है। अपने प्रश्न में पार्षद राजू भदोरिया ने यह जानना चाहा है कि इंदौर नगर निगम की कितनी जमीन पर अतिक्रमण है। इस अतिक्रमण के लिए कौन जिम्मेदार है। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर निगम के द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है। जबकि फोजिया शेख हलीम ने 2023 में रामनवमी पर पटेल नगर में हुए बावड़ी हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को दिए गए मुआवजे की जानकारी मांगी है।

# रिटायर्ड अधिकारी रखोगे तो युवाओं को कैसे मिलेगा रोजगार -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**बिजली कंपनी में वर्षों से डटे अधिकारियों को एक्सटेंशन की कोशिश पर सवाल, एमडी से मिलकर देंगे ज्ञापन, मांग नहीं मानी तो होगा आन्दोलन**

शहर कांग्रेस संगठन महासचिव संजय बाकलीवाल ने मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में रिटायर्ड अधिकारियों को पुनः एक्सटेंशन देकर नौकरी पर रखने के मामले में प्रश्न खड़ा किया। बाकलीवाल ने कहा कि रिटायर्ड अधिकारियों को संलग्न करने का मामला सामने आया है इस पर सवाल उठाना लाजिम है कि बिजली कम्पनी यदि रिटायर्ड अधिकारियों को ही मौका देगी और उनका एक्सटेंशन करेगी तो युवा प्रतिभाशाली को कैसे रोजगार प्राप्त होगा, उन्हें अवसर नहीं मिलेंगे। बाकलीवाल ने सीधा आरोप लगाया कि जिन्हें एक्सटेंशन देने की कोशिश कर रहे हो उनमें कुछ ऐसे भी है जिन पर पूर्व में घोटाले के आरोप भी लग चुके हैं। बाकलीवाल ने आरोप लगाए कि अधिकारियों को बिजली कंपनी में रिटायरमेंट के बाद भी एक्सटेंशन देकर कार्य लिया जाता रहा तो घोटालों का सिलसिला कभी थमने का नाम नहीं लेगा। गौरतलब है कि बिजली कंपनी में आईपीडीएस जैसा 100 करोड़ से भी अधिक के घोटाले में कई वरिष्ठ अधिकारियों का नाम सामने आए है।

कांग्रेस संगठन महासचिव बाकलीवाल ने आगे बताया कि एक तरफ तो सरकार युवाओं को हर वर्ष लाखों की संख्या में रोजगार देने का कहती है वहीं दूसरी ओर महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रिटायरमेंट हो चुके अधिकारियों को ही दोबारा एक्सटेंशन देने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में युवाओं को भला कैसे रोजगार और अनुभव प्राप्त होगा। शहर कांग्रेस कमेटी की तरफ से बिजली कंपनी के एमडी से अपील की गई है कि युवाओं को अधिक से अधिक मौका देकर रोजगार प्रदान करें। रिटायरमेंट के बाद अधिकारियों को खुला एक्सटेंशन न दिए जाने के लिए शहर कांग्रेस कमेटी जल्द ही संभागायुक्त, कलेक्टर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेगी। उसके बाद भी बिजली कंपनी और अन्य विभागों में ऐसा किया जाता है तो शहर और युवाओं के हित में शहर कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# कांग्रेस करेगी किसान मुद्दे पर कलेक्टर कार्यालय का घेराव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आव्हान पर 9 अप्रैल को कांग्रेस प्रदेश के हर जिलों में आंदोलित दिखाई देगी। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा सरकार ने किसानों से किए वादे पूरे नहीं किए, इसके कारण किसान सडकों पर आने के लिए मजबूर है। किसान अपनी फसल का उचित मूल्य पाने के लिए भटक रहा है। इन्दौर में भी 9 अप्रैल को कांग्रेस कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेगी।



यह बात जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे के साथ सज्जनसिंह वर्मा, राजेश चौकसे, प्रमोद द्विवेदी, अमित चौरसिया सहित अन्य की मौजूदगी में कही गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने आप को किसान का बेटा कहते हैं, अन्नदाता को भगवान कहते हैं, लेकिन उनके कृषि मंत्री रहते हुए किसानों के साथ खूब मजाक किया जा रहा है। विपिन वानखेडे ने कहा कि प्रदेश में लगभग 160 लाख टन अनाज का पंजीकरण विक्रय के लिए हुआ है, लेकिन सरकार द्वारा 78 लाख टन खरीदी की सीमा तय की गई है। प्रदेश में 10 करोड बारदानों की जरूरत है, लेकिन सरकार ने 2 करोड़ 60 लाख बारदानों का ही आर्डर दिया है, जो कि बहुत कम है। पड़ोसी राज्य राजस्थान किसानों को 150 रुपये बोनस दे रहा है, वहीं हमारे यहां सिर्फ 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। कांग्रेस की मांग है कि गेहूं की एमएसपी 3000 रुपए प्रति क्विंटल की जाए, ताकि किसानों का लागत मूल्य निकल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर किसानों को बिचौलियों के हवाले करने का गंभीर आरोप लगाया है। सरकार ने खरीदी की तारीखों को तीन बार आगे बढ़ाया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम में 10 अप्रैल और अन्य संभागों में 15 अप्रैल से खरीदी का निर्णय केवल इसलिए लिया गया है ताकि किसान अपनी फसल कम दामों में व्यापारियों को बेच दे। ओलावृष्टि से प्रदेश के 17 जिलों में फसलें बर्बाद हो गईं। मंडियों में भी हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया। कैग की रिपोर्ट बताती है कि किसानों के लिए निर्धारित 50 प्रतिशत राशि सरकार ने खर्च ही नहीं की, जबकि प्रदेश में कर्ज के कारण दो साल में 1229 किसानों ने आत्महत्या कर ली। इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा कि खरीदी में की जा रही देरी, बारदान की कमी का बहाना और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की उपेक्षा सरकार की किसान-विरोधी नीति का प्रमाण है। इंदौर जिला सहित पूरे प्रदेश में किसान आज बेहद कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

# परिषद की बैठक में हंगामे के बाद पास निरस्त

## रात में सभी पार्षदों को जारी किया दर्शक दीर्घा का एक-एक पास

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम परिषद की बैठक में कल भागीरथपुरा के लोगों के द्वारा जाकर किए गए हंगामे से निगम सकते में आ गया है। कल रात को दर्शक दीर्घा के सभी पास निरस्त कर दिए गए और हर पार्षद के नाम पर अलग से एक-एक पास जारी कर दिया गया।**

नगर निगम परिषद की बैठक में कल जब श्रद्धांजलि दी जा रही थी उस समय पर दर्शक दीर्घा में भागीरथपुरा के दूषित जल हादसे के पीड़ित परिवार के सदस्य बैठे हुए थे। इन लोगों ने तत्काल दर्शक दीर्घा में से नारेबाजी शुरू कर दी। इन लोगों ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के फोटो के साथ पोस्टर लहराएं। अपनी मांग लिखी तख्तियां भी लहराई। जमकर हल्ला मचाया। इस स्थिति के कारण सदन की कार्रवाई रुक गई। नगर निगम के बाउंसर तत्काल दर्शक दीर्घा की तरफ दौड़े। वहां पर मौजूद भागीरथपुरा के लोगों के साथ बाउंसर धक्का मुक्की करने लगे। उन्हें वहां से निकालने की कोशिश करने लगे। वहां पर शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अमित पटेल बैठे हुए थे। वे इन नागरिकों के समर्थन में खड़े हो गए।

परिषद की बैठक में हंगामा का दृश्य बदल गया था। भाजपा की पार्षद आरोप लगाने लगी की नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे के द्वारा इशारा किया जाने के बाद दर्शक दीर्घा से यह हंगामा शुरू हुआ है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव मैदान में उतर गए उन्होंने भी कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष की घेराबंदी करने की कोशिश की। इसी बीच सभापति मुन्ना लाल यादव ने माइक से निर्देश दिया कि इन नागरिकों के साथ बदतमीजी नहीं की जाए। उन्हें वहां से निकाला नहीं जाए बल्कि बैठा दिया जाए।

इस हंगामा की स्थिति को जैसे तैसे संभाला गया। इस पूरे घटनाक्रम में भाजपा और उसके पार्षद बैक फुट पर खड़े हुए थे। कांग्रेस ने खेल कर दिया। बाद में महापौर के द्वारा हर मृतक के परिवार को नगर निगम में आउटसोर्स के आधार पर नौकरी देने का ऐलान किया गया। यह ऐलान ऐसे समय पर किया गया जब पूरे सदन में हंगामा हो चुका था। इस घोषणा की टाइमिंग गलत रही जिसके चलते हुए यह घोषणा महत्व नहीं पा सकी। इस घटनाक्रम के बाद कल शाम को निगम के पदाधिकारी और भाजपा संगठन सक्रिय हुआ। तत्काल फैसला लिया गया की दो दिन की परिषद की बैठक के लिए दर्शक दीर्घा के जो पास जारी किए गए थे उन्हें निरस्त किया जाता है। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि भागीरथपुरा के लोग बराबर किसी के माध्यम से पास हासिल करके ही दर्शक दीर्घा तक पहुंचे थे।

सभापति कार्यालय से यह फैसला लेने के साथ ही रात में सभी पार्षदों के पास आज के दिन की परिषद की बैठक के लिए उनके समर्थन हेतु दर्शक दीर्घा का एक-एक पास भेजा गया। बाद में लकीर पीटने से अब क्या होगा। जो होना था वह तो कल हो गया। राजनीति में कभी सीन को रिपीट नहीं किया जाता है। इसके बाद भी आशंका के चलते हुए भाजपा की ओर से यह कदम उठाया गया।

### गुस्से में आ गए महापौर

**वैसे तो महापौर पुष्यमित्र भार्गव को हमेशा से शांति से रहने वाला नेता समझा जाता है। कल हुए घटनाक्रम के दौरान महापौर भी गुस्से में आ गए। उनके स्वर तीखे थे। लहजा आक्रामक था। अंगुली कांग्रेस के पार्षदों की तरफ उठ रही थी।**

### बैठक कक्ष में बैठे पार्टी के पदाधिकारी

वैसे तो नगर निगम परिषद की बैठक की एक गरिमा होती है। इस बैठक में बैठक कक्ष में अधिकारी और पार्षद ही बैठते हैं। पार्षद पति और पार्षद के रिश्तेदारों के लिए भी दर्शक दीर्घा ही होती है। इसके बाद भी भाजपा संगठन में नगर इकाई में नियुक्त की गई महिला पदाधिकारी इत्मीनान के साथ इस बैठक के कक्ष में इधर से उधर घूमती रही और अधिकारियों के लिए लगाई गई कुर्सी पर आराम से बैठकर बैठक की कार्रवाई भी देखती रही। बैठक के दौरान पार्षदों के बीच भी इस घटनाक्रम को लेकर कानाफूसी रहीं।

# शराब दुकान खुलने की भनक से भड़के रहवासियों ने किया चक्काजाम

## एक ओर महिलाओं ने बीच सड़क पर कुर्सी पर बैठकर किया विरोध, तो दूसरी ओर बैठे रहे पुरुष




### फिलहाल नहीं लगा दुकान के लिए बोर्ड, केवल पानी की बाटल रखवाई तो मच गया हंगामा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि




**मालवा मिल चौराहा के समीप न्यू देवास रोड पर शराब दुकान खुलने की भनक लगते ही रहवासियों ने विरोध कर चक्काजाम किया। आज सुबह क्षेत्रीय महिलाएं सड़क पर उतरी। हालांकि फिलहाल अभी दुकान को लेकर कोई तैयारी नहीं की गई है, केवल एक दुकान में पानी की बॉटल रखवाई गई है।**

न्यू देवास रोड स्थित लाल बंगला, सुन्दरवाडा, पण्डितजी की चाल और न्यू देवास रोड के रहवासी आज सुबह सड़क पर उतरे और शराब दुकान को लेकर विरोध कर चक्काजाम किया गया। महिलाओं ने भी विरोध करते हुए नारेबाजी की। वृद्ध महिलाएं मुख्य मार्ग पर कुर्सी लगाकर वहीं अन्य ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम किया। फिलहाल शराब दुकान खुली नहीं है, एक दुकान में पानी की बॉटल रखवाई गई है और शराब दुकान खुलने की मौखिक जानकारी लोगों के बीच पहुंची है। इसी बात पर अब हंगामा मच गया। बताया जा रहा है कि करीब 3 वर्ष पूर्व भी इस क्षेत्र में शराब दुकान खुलने की भनक लगी तब भी रहवासियों ने विरोध किया था। सूत्रों के मुताबिक बंद पड़ी दुकान में अंदर रातों रात सामान रखा गया है। जिस जगह शराब दुकान खुलने की बात सामने आ रही है वह नेशनल टेक्सटाइल कार्पोरेशन दिल्ली की जमीन बताई जा रही है जो लीज पर देने की बात भी कही जा रही है।

### विधायक नहीं पहुंचे, पार्षद आगे आए

रहवासियों के विरोध प्रदर्शन की जानकारी जब क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया को लगी तो वे मौके पर पहुंचे। तभी रहवासियों ने क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र हार्डिया को बुलाने के लिए कहा तो पहाडिया ने उन्हें बताया कि विधायक फिलहाल भोपाल गए हुए है।

# 200 करोड़ की सीलिंग की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया




### जिला प्रशासन की पहल पर नगर निगम ने दो जेसीबी से मकान तोड़े

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**जिला प्रशासन के द्वारा 200 करोड रुपए कीमत की सीलिंग की जमीन को आज सुबह अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। इस मामले में प्रशासन की पहल पर नगर निगम के द्वारा दो जेसीबी लगाकर मकान तोड़ने की कार्रवाई की गई।**

पिपलिया राव क्षेत्र में चौइथराम हॉस्पिटल के सामने जिला प्रशासन और नगर निगम के संयुक्त अमले ने शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में 200 करोड़ रुपये की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। एसडीएम जूनी इंदौर घनश्याम धनगर ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को करवाया। धनगर ने बताया कि यह भूमि चोइथराम अस्पताल के ठीक सामने स्थित है। इस भूमि पर खुशबीर सिंह पिता दलजीत सिंह का लंबे समय से कब्जा था। राजस्व न्यायालय से प्रकरण में अतिक्रमण हटाने के आदेश हुए थे। विगत 25 फरवरी 2026 को अंतिम सूचना पत्र जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। यह भूमि ग्राम पिपलिया राव स्थित सर्वे क्रमांक 19/1, 20/1, 21/1 और 22/2 में स्थित है। इसका कुल रकबा 1.784 हेक्टेयर है।

# तीसरी मंजिल की छत पर सो रहे व्यक्ति की गिरकर मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**बाणगंगा थाना क्षेत्र के रेवतीरेंज में रहने वाले एक व्यक्ति की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह छत पर सो रहे थे और नींद में संतुलन बिगड़ने के कारण यह हादसा हुआ।**

मृतक का नाम नंदराम पिता करण सिंह (42) निवासी रेवती रेंज है। मृतक के बेटे अरविंद ने बताया कि उनके पिता रोजाना की तरह रात में घर की तीसरी मंजिल की छत पर सोने गए थे। जिस जगह वह सो रहे थे, वहां सुरक्षा के लिए पक्की बाउंड्री नहीं थी, बल्कि सिर्फ ईंटों की एक छोटी मुंडेर बनी हुई थी। रात में नींद के दौरान नंदराम ने संभवतः करवट ली होगी, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे तीसरी मंजिल से नीचे जमीन पर जा गिरे। गिरने की आवाज सुनकर घर के लोग बाहर भागे और लहूलुहान हालत में उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि, चोट इतनी गंभीर थी कि डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही बाणगंगा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं इस घटना के पीछे कोई और कारण तो नहीं है।



### सायबर सेल के समन्वय से सायबर प्रशिक्षण प्रारंभ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में नव आरक्षक प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण राज्य सायबर सेल के समन्वय से सायबर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक पीटीसी राजेन्द्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में 20 दिन चलेगा। उप पुलिस अधीक्षक सुभाष सिंह, उप निरीक्षक इतेन्द्रसिंह चौहान ने सायबर से संबंधित व्याख्यान देकर प्रशिक्षित किया।



### पार्षद शर्मा की मौजूदगी में मना स्थापना दिवस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विधानसभा 4 के वार्ड 82 में भाजपाइयों ने स्थापना दिवस मनाया। पार्षद नितिन शर्मा की मौजूदगी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र का पूजन कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई, आतिशबाजी भी की और भारत माता की आरती भी की गई। संजय मोटवानी, अजय बड़जात्या, विनय बालाजी जैन, मोनिका चौरसिया, निर्मला ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### इंदौर से बनाया जाए राज्यसभा उम्मीदवार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश कांग्रेस के सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री विजयकुमार मेहरा एवं सैयद युसूफ अली ने कांग्रेस आलाकमान से मांग की है कि अभी इंदौर में सांसद, विधायक, महापौर सबकुछ भाजपा के हैं। ऐसे में एक जनप्रतिनिधि कांग्रेस की ओर से इंदौर को मिले इसके लिए राज्यसभा सीट से इंदौर के कांग्रेस नेता को उम्मीदवार बनाया जाना चाहिए। इनमें जीतू पटवारी, सत्यनारायण पटेल, शोभा ओझा, अर्चना जायसवाल सहित अन्य में से किसी को बनाया जा सकता है। जनप्रतिनिधि इंदौर से होंगे तो इस बड़े शहर से जन आन्दोलन भी और बढ़ेंगे और कांग्रेस इंदौर में मजबूत होगी तो उसका इंदौर-उज्जैन संभाग के 15 जिलों में राजनीतिक असर दिखेगा और भाजपा पर भी नियंत्रण होगा।

### कल से होगा मौसम साफ

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज शाम तक बार-बार बादल बनते रहेंगे, जो भगवान सूर्य को अपनी आगोश में लेते रहेंगे, इससे मौसम में परिवर्तन नजर आएगा। यह बादलों का असर इंदौर-उज्जैन संभाग के कई जिलों में दिखाई देगा। शर्मा के मुताबिक आज शाम से बादल हटेंगे जो चार दिनों तक मौसम को साफ रखेंगे। कुछ जगह पानी की तेज बौछारे भी आ सकती है, कल भी कुछ जगह पानी की बौछारे आई थी, कुछ जगह विवाह के कार्यक्रम भी थे, जिनमें घबराहट बनी रही। बादलों के बनने से उमस बढ़ी रहेगी। बीच-बीच में हवाएं भी चलती रहेगी।

### होम्योपैथिक-डे पर मानव श्रृंखला और नुक्कड़ नाटक



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वर्ल्ड होम्योपैथिक-डे के अवसर पर पटेल गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, रिसर्च सेंटर ने मानव श्रृंखला बनाई और नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया। एसपी सिंह, डॉ. राजेश गोदिया, डॉ. एके द्विवेदी, डॉ. कमल जोशी ने अपनी भूमिका निभाई।

# स्वच्छता का बजट किया कम पानी और ड्रेनेज पर सबसे अधिक खर्च

## आम नागरिकों पर नहीं डाला बोझ व्यावसायिक करो की दरें बढ़ाई नई कोई योजना नहीं, विभागों में केवल रूटिन खर्च होंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के बजट से जैसी उम्मीद इंदौरवासियों की थी वैसा ही बजट पेश किया गया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव भले ही इस बजट को भविष्य की नींव बता रहे है, लेकिन इंदौर वासियों के लिए ये बजट थोड़ी खुशी तो थोड़ा गम देने वाला और निराशाजनक है। महापौर भार्गव ने इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन का बजट कम किया है, ओर पीनी के बजट को लबा-लब कर दिया है। महापौर भार्गव ने इस वर्ष बजट में कोई नया नवाचार भी नहीं किया गया है, हालाकि वेस्ट टू एनर्जी प्लांट पिछले साल के बजट की घोषणा जो अभी तक नहीं लगा है, यदि साल 2026-2027 में यह लगता है, तो महापौर बजट का यह आकर्षण होगा। वहीं महापौर भार्गव ने इस बार बजट में आम नागरिकों पर तो टैक्स का बोझ नहीं डाला लेकिन भवनों को दुकानें बनाकर व्यासासिक उपयोग करने वालों को रेट झोन एक में डाल दिया है, जिससे नगर निगम की आय बढ़ेगी।

### भवन का व्यासायिक उपयोग अब आसान नहीं होगा

2026-2027 के बजट में जिस भवन में बैंक, एटीएम, कौचिंग क्लास, होस्टल, दुकानें, मॉल और मल्टी प्लेक्स सहित अन्य प्रतिष्ठान होंगे उसको रेट झोन 1 के अनुसार सम्पत्तिकर चुकाना होगा। चाहे फिर उनकी लोकेशन रेट झोन-3, 4, 5 या फिर 2 में क्यों ना हो। इसका असर शहर के सभी व्यापारियों पर पढ़ेगा। शॉपिंग मॉल और शो रूम वालों जेब पर अधिक भार पडेगा। इसके अलावा अब होस्टल वालों को व्यासायिक दरों से टैक्स चुकाना अनिवार्य होगा।

### छोटा स्ट्रक्चर बनाकर टैक्स नहीं बचा सकेंगे

महापौर भार्गव ने बजट में निगम की आय बढ़ाने के लिए रास्ता निकाला है, अभी तक निगम सीमा की कालोनियां में लोग खाली प्लाट पर काम्पाउंडिंग शुल्क नहीं लगे इसलिए छोटा स्ट्रक्चर तैयार कर निर्माण होना बताया दिया करते थे, जिससे प्लाट ओपन होने पर टैक्स नहीं लगता था, लेकिन अब प्लाट का जितना हिस्सा ओपन रहेगा निगम टैक्स वसूल करेगा।

### मल्टियों से बिल्डर के खाते होंगे खत्म

राजस्व विभाग में डबल खातों की समस्या से बचने के लिए नगर निगम मल्टी निर्माण के बाद बिल्डर खाता खत्म करेगा। सभी प्रकोष्ठ के खाते खुलने के बाद ऐसा किया जाएगा। महापौर भार्गव ने 2 इंची नर्मदा के बिल में 100 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। पहले यह 10 हजार प्रतिमाह था अब इसको बढाकर 20 हजार कर दिया है।

### यातायात और जानकारी का बजट भी हुआ कम

वही बजट में यातायात को लेकर भी अनदेखी की गई है जिस तरह से शहर में हर दिन जाम की स्थिति बन रही है उसको लेकर सड़कों के चौड़ीकरण और सड़क सुधार के लिए बजट की आवश्यकता थी। शहर में कहीं घटनाएं रोकने के लिए अच्छी सड़कों का होना आवश्यक है जानकारी विभाग के बजट को लेकर भी कोई बड़ा अमाउंट नहीं रखा गया है केवल मास्टर प्लान की सड़कों पर फोकस किया गया है। बजट से फिलहाल अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि वर्तमान में जो सड़क को दी गई है और जिन पर गड्ढे हो रहे हैं वह कब तक सुधर पाएगी बारिश के पहले सड़क सुधरेगा या नहीं इसको लेकर कोई प्लानिंग फिलहाल नगर निगम की बजट में दिखाई नहीं दे रही है। जिस तरह से पिछले बजट में मास्टर प्लान की सड़कों के लिए 423 करोड रुपए रखे गए थे उन्हें सड़कों के बचे हुए काम इस साल पूरे किए जाएंगे। शहर की छोटी-मोटी पुल पुलिया के लिए निगम ने 30 करोड़ का बजट रखा है।

### नए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहनों की है जरूर

वही स्वच्छता के बजट को लेकर भी बड़ी कटौती कर दी गई है नए वाहन खरीदी को लेकर कोई प्रावधान नहीं किया गया है। पिछले साल जो बजट रखा गया था उसी में से जितने वाहन खरीदे जा चुके हैं इसके अलावा जो बच्चे हुए वहां है वह नए साल में खरीदे जाएंगे इसके लिए पुराने बजट से ही राशि बची हुई नए बजट में रखी गई है। वर्तमान में शहर को नई कचरा गाड़ियों की जरूरत है वहां पुराने हो चुके हैं यह गाड़ियां 5 साल पहले खरीदी गई थी जो अब शहर का कचरा ढोने लायक नहीं रही है।

### गड्ढे और जाम कैसे होंगे खत्म ?

बजट के बाद इंदौरवासियों ने कहा शहर में यातायात जाम, गड्ढे और पीनी पर काम करने जरूरत थी जिसमें से पानी पर तो काम किया गया। लेकिन यातायात जाम और गड्ढों को भरने के लिए बजट में कोई प्लानिंग नहीं है। दो माह बाद बारिश आए जाएंगी यदि शहर में सड़के भी ठीक नहीं होगा तो आम आदमी का भगवान ही मालिक है।

**वर्जन- महापौर जी टैक्स नहीं बढ़ाया है इसके लिए वे बधाई के पात्र है बजट अच्छा है, लेकिन वर्तमान समस्याओं के निकाराकरण पर फोकस नहीं किया है। जैसे जाम और सड़कों के पैंचवर्क की कोई प्लानिंग नहीं है।**

**-दीपाली मेहरा,** आईटी इंजीनियर

**वर्जन- सड़क पानी सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाना था, स्मार्ट सिटी के नाम लग रहा टैक्स खत्म होना चाहिए इस पर बजट मैं कोई ध्यान नहीं दिया गया है।**

**-राजेश शर्मा,** व्यापारी



## बिना अनुमति के खोद दी सड़क

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** झोन-1 वार्ड 16 के स्मृति नगर में वहां के रहवासी राजीव जैन ने बगैर स्वीकृति के अपने घर की सीवरेज पाइप लाइन को चेम्बर में डालने का काम किया जा रहा था। निगम के सुनील पथरोड और भारत करोसिया ने मौके पर पहुंचकर स्वीकृति के कागज राजीव जैन से मांगे। वे कागज नहीं दे पाए। निगम के दोनों अधिकारियों ने जब चालान की बात कही तो राजीव जैन इधर-उधर फोन लगाने लगे। दोनों ने एक ना सुनते हुए 5 हजार रु. के चालान की कार्रवाई की और कहा कि बगैर निगम की स्वीकृति के कोई काम नहीं कराए। इस दौरान निगम के सुनील पथरोड, लखन पवार, आशीष करोसिया, कुन्दन खरे मौजूद थे।




## प्रेस क्लब का स्थापना दिवस कल

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर प्रेस क्लब संस्थापक और पूर्व अध्यक्ष श्री राजेंद्र माथुर का गुरुवार, 9 अप्रैल को पुण्य स्मरण दिवस है। पलासिया चौराहे स्थित स्व. माथुर की प्रतिमा पर सुबह 8.30 बजे इंदौर प्रेस क्लब और मीडिया के साथियों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। प्रेस क्लब कल अपना स्थापना दिवस भी मनाएगा। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी ने बताया कि पत्रकार सतीश जोशी, प्रकाश हिंदुस्तानी, तपेन्द्र सुगंधी, प्रवीण शर्मा, हेमन्त पाल और अरविंद तिवारी अतिथि वक्ता के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात प्रेस क्लब के 64वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 64 दीप परिसर में प्रज्जवलित किए जाएंगे। साथ ही आतिशबाजी की जाएगी। इस मौके पर शहर के ख्यात कलाकार राष्ट्रीय गीतों की सुरमयी प्रस्तुति भी देंगे।

# परिवार में शादी है इसलिए अतिरिक्त गैस की टंकी चाहिए

## कलेक्टर कार्यालय में लग रही है आवेदन देने वालों की भीड़ प्रशासन ने तय नहीं किया है किसी को अतिरिक्त टंकी देने का फार्मूला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अपने घर परिवार में शादी होने के नाम पर अतिरिक्त गैस की टंकी की मांग की जा रही है। ऐसी मांग करने वाले लोगों की भीड़ कलेक्टर कार्यालय में लग रही है। प्रशासन के द्वारा अभी यह तय नहीं किया गया है कि किसी को अतिरिक्त टंकी दी जाएगी या नहीं दी जाएगी और दी जाएगी तो उसका फार्मूला क्या होगा?

इन दिनों बड़ी संख्या में ऐसे लोग जिनके परिवार में आने वाले दिनों में शादी या भंडारे या अन्य कार्यक्रम है, वह आवेदन लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंच रहे हैं। इन लोगों ने कार्यक्रमों में भोजन तैयार करने के लिए गैस टंकी की आवश्यकता बताई है। लोग पत्रिका लगा लगाकर जिला कलेक्टर, एडीएम और खाद्य विभाग में आवेदन दे रहे हैं और गैस की अतिरिक्त टंकी दिलाने की गुहार लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर गैस टंकी नहीं मिली तो वह आने वाले मेहमानों या भंडारे में भक्तों को भोजन नहीं करा पाएंगे। हालांकि कलेक्टर कार्यालय में अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि अतिरिक्त रूप से गैस टंकियां दिलाई जाएं। लेकिन फिर भी लोग प्रयास कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि कई गैस एजेंसी संचालकों ने उन्हें कहा है कि जिला प्रशासन अगर लिखकर दे तो उन्हें अतिरिक्त टंकी दी जा सकती हैं।

जिला प्रशासन के द्वारा अभी ऐसी कोई नीति तय नहीं की गई है। प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि किसी के घर पर शादी हो या किसी के द्वारा किसी धार्मिक त्योहार के मौके पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा हो इन कामों के लिए किसी को भी अतिरिक्त गैस की टंकी देने की कोई व्यवस्था शुरू नहीं की गई है। प्रशासन के फैसला नहीं लेने के बावजूद गैस एजेंसी के संचालक के द्वारा कहे जाने के कारण बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर कार्यालय में आकर आवेदन लगाने में लगे हुए हैं। अधिकारी इस बात को लेकर टेंशन में है कि आखिर इन आवेदनों का क्या करेंगे।

**25 दिन का नियम बना देने से ज्यादा समस्या-** जिला प्रशासन की पहल पर गैस एजेंसी के द्वारा अब यह नियम बना दिया गया है कि जिस दिन आपके घर पर टंकी आएगी उसके 25 दिन बाद ही आप नई गैस की टंकी का नंबर लगा पाएंगे। नंबर लगाने के बाद 5 दिन में टंकी आती है। इस तरह से स्पष्ट है कि एक व्यक्ति को नंबर लगाने पर भी एक महीने में एक टंकी ही मिलेगी। इस नई व्यवस्था के कारण ज्यादा समस्या पैदा हो रही है। जिन लोगों के परिवार में ज्यादा सदस्य हैं उनके लिए यह स्थिति ज्यादा समस्या पैदा करने वाली बन रही है। ऐसे में लोग बाहर से टंकी की व्यवस्था करने में ध्यान देने में लगे हुए हैं।

# प्रसाद की लाइन में खड़े श्रद्धालु बोले घड़ी घर पर रखकर आए हैं...

## रात 2 बजे तक चला रणजीत हनुमान पर भंडारा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर पर कल शाम चलित प्रसादी का आयोजन हुआ। शाम करीब 7 बजे शुरू हुई प्रसादी रात 2 बजे तक सतत चलती रही। हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा रणजीत के महाभोग को प्रसाद के रूप मे ग्रहण किया। रात 12 बजे तक रणजीत हनुमान मंदिर से लेकर द्रविड नगर तक श्रद्धालुओं की कतार नजर आई। कतार में खडे श्रद्धालुओं से जब पूछा गया कि आखिर कब आपको प्रसादी मिलेगी तो उनका कहना था कि घड़ी घर रखकर आए है, कभी भी प्रसादी मिले हम लेकर ही घर जाएंगे। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि 80 हजार श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। हांलाकि श्रद्धालुओं की संख्या देख महाभोग बढ़ा दिया गया था।

## सालासर बालाजी को अर्पण किए 56 भोग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



हाईलिंक रेसीडेंसी स्थित श्री सालासर धाम पर कल मंगलवार को बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। महाआरती की गई एवं 56 भोग भी अर्पित किए गए।मंदिर के पुजारी बंटू पाराशर ने बताया कि राजस्थान स्थित सालासर बालाजी मंदिर के पुजारी ने भी वीडियो कॉल पर दर्शन किए।

## दुबे बने जिलाध्यक्ष

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अ.भा. स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण परिषद,नई दिल्ली के अंतर्गत इंदौर जिले का जिलाध्यक्ष दिनेश दुबे को नियुक्त किया गया। राकेश शास्त्री, नित्यानंद शर्मा, अशोक सिंधू, प्रकाश व्यास, मनोहर सिंह तोमर, विकास जोशी, ओ.पी.वर्मा,प्रदीप जोशी,नागेश्वर द्विवेदी, टीना शास्त्री, वर्षा जैन, राजकुमार शर्मा, राजकुमार आर्य, शैलेन्द्र पाराशर, अनिरुद्ध शर्मा, संजय चौबे ने बधाई दी।





## नेत्र रोग विभाग ने किया सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गुरुतेग बहादुर साहिब के प्रकाश पर्व के अवसर पर नेत्र रोग विभाग में नया मानटुरल ओटिका आधुनिकी उपकरणों के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाजसेवी सहयोगियों का सम्मान किया गया। डॉ. एसएस उबेजा ने बताया कि जरूरतमंद लौगों के आपरेशन निशुल्क किए जाएंगे। परमजीत खनूजा और एस.के. खंडेलवाल,सुरेन्द्रसिंह भाटिया ने इस सेवा कार्य में आर्थिक सहयोग किया। सिख समाजजनों का सेवा पर सम्मान भी किया।

## कैट ने दिया नया कर नहीं लगाने पर साधुवाद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कनफेडेरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि नगर निगम ने कोई नया टैक्स नहीं लगाया जो स्वागतयोग्य कदम है। कैट संस्था साधुवाद देती है।

## उद्योगपतियों के लिए कार्यशाला आयोजित

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, भोपाल एवं एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में एसोसिएशन कार्यालय पोलोग्राउण्ड में उद्योगपतियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसोसिएशन और लीगल साल्यूशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए। एसोसिएशन को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यशाला में यह भी जानकारी दी गई कि किस प्रकार व्यापारिक एवं आर्थिक विवादों का समाधान आपसी सहमति से शीघ्र एवं प्रभावी रूप से किया जा सकता है। संजय पटवर्धन, वीरेन्द्र पोरवाल, एसएस मंडलोई, स्वप्निल गर्ग, आरिफ गुलरेज, शेखर सिंह, राजकुमार हरियाणी मौजूद थे।



## जगन्नाथ बोरिया बने प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। म.प्र. इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण माहौप ने प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष पद के लिए जगन्नाथ बोरिया निवासी सुदामा नगर को नियुक्त किया है। कई लोगों ने बधाई दी है।

## डॉ. अर्पण जैन को किया वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेन्स द्वारा सम्मानित

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' को कमल घिमिरेय, मोती खान, देवराज परमार, अनिल जेठवानी, संजय पंजवानी ने वैश्विक संस्था वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेन्स द्वारा सम्मानित किया गया।

## शिवमहापुराण के लिए कल निकलेगी कलश यात्रा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। ओमप्रकाश शर्मा की स्मृति में मांगीबाई शर्मा की प्रेरणा से महाशिवपुराण कथा का आयोजन बटुक महाराज के मुखारबिन्द से रेडिमेड काम्पलेक्स के पास मैदान पर कल से शाम 4 बजे से होगा उसके पूर्व तामझाम के साथ कलश यात्रा गेंदेश्वर महादेव मंदिर परदेशीपुरा से निकाली जाएगी। आयोजक अटल अंजलि शर्मा है। ब्राह्मण सेवा संगठन और धर्म रक्षा समिति भी आयोजन से जुड़े हैं।

## जैन महिला परिषद की अध्यक्ष मुक्ता का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दिगंबर जैन महिला परिषद अंजना संभाग की अध्यक्ष बनने पर मुक्ता जैन का सम्मन जालसभागृह में किया गया। निर्मला जैन, माधवी शाह, अनिता जैन, प्रवाह जैन, सरला सामरिया, रिंकू अजमेरा, हेमलता गोधा, डॉ. अर्पणा जैन, उषा पाटनी, साधना दगड़े, रेखा जैन, पुष्पा कासलीवाल सहित अन्य मौजूद थे।



## निहोरे को मिली इंटरनेशल जिम्मेदारी



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बुद्ध रत्न सागर सोशल वेलफेयर एवं समबुद्धा ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा अंतराष्ट्रीय बौद्ध धम्म परिषद का आयोजन मुंबई ठाणे मे किया गया। इंदौर से जुड़े राहुल निहोरे को मध्यप्रदेश प्रभारी के साथ थाईलैंड देश का इंचार्ज बनाया और मध्यप्रदेश मे दी शिक्षा के लिए यूनिवर्सिटी कि जिम्मेदारी भी दी गई है। कार्यक्रम में अतिथि भंते युषी सीमांटा (जापान)' वेन बॉन (लाउस)' एवं विशेष अतिथि भंते विशुद्धानंद महाथेरो, भंते विनय महाथेरो, भंते शांति रत्न थेरो, भंते डा राज रत्न महाथेरो, भंते के आर लाम्बा, भंते आरा आनद थेरो, भंते सम्बोधि थेरो, भंते सिलबंदी थेरो, देश विदेश से भंते उपस्थित हुए।

## हंस वाहिनी समूह ने की नाट्य प्रस्तुति

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हंस वाहिनी कला समूह' द्वारा 'भूत और वर्तमान' नाटक का मंचन डीएवीवी ऑडिटोरियम में किया। गरिमा जैन, द्रोपदी, राशि मालवीय, निर्मल जैन, राम मालवीय, वैष्णवी सिंह, आरके शर्मा एवं बेटा राघव शर्मा, निधि वर्मा, गीतांजलि सांवरिया ने प्रस्तुति दी। विजय ओहवाल, प्रकाश गीतांजलि, डिम्पल अग्रवाल, ओम कुमार ने अपनी भूमिका निभाई।





# बंटी ठाकुर सम्मानित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर के रितेश बंटी ठाकुर को वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस द्वारा उपलब्धि से सम्मानित किया गया। बंटी धर्म के माध्यम से पर्यावरण का अलख जगा रहे हैं। उन्होंने मातृशक्ति को भजन और ईश्वर भक्ति के माध्यम से राष्ट्र हित के लिए जोड़ा है, वहीं बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर कंप्यूटर के साथ शिक्षा के क्षेत्र में मदद की है। रितेश ठाकुर ने पर्यावरण का अलख जगाते हुए सैकड़ों स्थानों पर वाटर रिचार्ज करवाए हैं। कई लोगों ने बधाई भी दी।

# सेवाभावी 11 चिकित्सकों का सम्मान



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट द्वारा जिला अस्पताल परिसर में 11 सेवाभावी चिकित्सक डॉ जिग्नेश भट्ट, डॉ शीतल कुमार सोलंकी, डा बख्तियार अशरफी, डॉ कम्मोद गंभीर, डॉ जी.एल आभार, डॉ संतोष वर्मा, डॉ आशुतोष मेहता, डॉ जयदीप जामदार, डॉ मंयक सोनी, डॉ विभुति पाठक, डॉ ओमवेश नानादावर का सम्मान किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने बताया कि चिकित्सकों को सम्मान के साथ प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। संगोष्ठी हुई, प्रदर्शनी लगाई गई। मोहित पारीख, डॉ. शरद पण्डित, डॉ. बिंदु कुमार जैन, आशिष शिंदे, विष्णु चौधरी, मोनिक मालवीय, इरफान अली, एहसान अली, सुनील चौधरी मौजूद थे।

# 9 गौभक्तों का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गौसेवा भारती द्वारा राधेश्याम काबरा, सीमा सेन, सोनम शर्मा, सुभाष पुरोहित, पारस कोठारी, रामकुमार महाराज, संजय-तृप्ति अग्रवाल सहित 9 गौ भक्तों को दादाभाई स्मृति सम्मान से लोखंडे सभागृह में सम्मानित किया। डॉ. अण्णा महाराज, हुकुमचंद सावला, राजकुमार झंवर, दिलीप जैन, कैलाश खंडेलवाल, रमेश जुलानिया, गोपाल गोयल, मनीष बोहरा, गौरव अग्रवाल, उपेन्द्र वोरा, प्रदीप अग्रवाल, डॉ. बीएस कराडा, रामचन्द्र काकानी, बीपी शर्मा, एनके शर्मा, डॉ. अभय जवेरी, गणेश अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण मेडतवाल, पिंकी खंडेलवाल एवं पुष्पा यादव, रेणुका चंदेल, विष्णु गोयल, अमित राजपूत, कांतिभाई पटेल, डॉ. विनायक पांडे मौजूद थे।

# राज्य कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** छत्रपति शिवाजी महाराज खेल परिसर मे अ-17 जिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के तत्वाधान में आयोजित हुआ इस प्रतियोगिता में इंदौर की ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की तीन बालिकाएं तन्वी हडिया तनिष्क तंवर ईशा मोरे और दो बालक वंश हार्डिया रुद्र मंडलोई का चयन राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया जिसका आयोजन 12 से 13 अप्रैल तक सागर में होने जा रहे हैं। ये सभी बालक बालिकाएं रमेश मिस्त्री पहलवान से रेसलिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे।

# दीपक एडवरटाइजिंग पश्चिम मध्य रेल द्वारा पुनः सूचीबद्ध

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दीपक एडवरटाइजिंग को पश्चिम मध्य रेल द्वारा पुनः सूचीबद्ध किया गया है। इस सफलता का जश्न जेठा वन, सिल्वर स्प्रिंग्स बिज़नेस पार्क स्थित नए कॉर्पोरेट ऑफिस में मनाया गया। दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक जेठा ने इस उपलब्धि का श्रेय इनोवेटिव एप्रोच और टीम वर्क को दिया। दीपक एडवरटाइजिंग द्वारा तैयार किये गए एड कैंपेन्स और इवेंट्स हमेशा अपनी आउट ऑफ़ द बॉक्स सोच और सटीकता के लिए चर्चा में रहते हैं।

# वर्मा की पुण्यतिथि पर कल सम्मान भी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जगन्नाथ प्रसाद वर्मा की पुण्यतिथि 9 अप्रैल को कड़ाबीन स्थित जगन्नाथ प्रसाद वर्मा मार्ग पर उनकी प्रतिमा स्थल पर प्रातः 9 बजे से माल्यार्पण कर मनाई जाएगी, समाजसेवियों का सम्मान भी होगा। उक्त जानकारी मदन परमालिया, ओमप्रकाश वर्मा ने दी।

# जैनेश्वरी दीक्षार्थी भैयाजी का बहुमान



## गोद भराई का कार्यक्रम हुआ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय,सैटेलाइट जंक्शन पर जैन समाज के उपस्थित समाजजनो द्वारा प्रेमचंद जैन भावी दीक्षार्थी दीक्षा 23 अप्रैल को होना है। महेन्द्र जैन ने बताया कि दीक्षार्थी प्रेमचंद जैन का बहुमान किया गया, गोद भराई कार्यक्रम भी हुआ। समवशरण के दर्शन कर अभिषेक, शांतिधारा का आयोजन किया गया।

# योग पीठ में सामूहिक योग साधना



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

महालक्ष्मी नगर स्थित एम.आर.-4 बड़े गार्डन में संचालित हरिओम योग पीठ पर विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सामूहिक योग साधना की 70 साधकों ने एक समान वेशभूषा में अनुशासित तरीके से योगाभ्यास कर योग के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण प्रदर्शित किया। योग साधक संजय यादव, रमेश पाटिल, जैनेन्द्र सावला ने जानकारी दी। नारायण पगारे, कैलाश मकवाना, रेनू जैन, शम्भू दयाल सिंह, राजेंद्र जैन, रविकांत जैन, जैनेन्द्र सांवला, सीएस बघेल, केएन सिंह, अशोक गजभे, ओम पिपलोदिया मौजूद थे।

# वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वरिष्ठजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन आयुष विभाग के सहयोग एवं आयुष राजपत्रित चिकित्साधिकारी संघ के साथ किया गया। शिविर में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन शाखा इंदौर के चिकित्सकों ने वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। डॉ. मीना भायल, डॉ. हंसा बारिया, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. सुरेश ढोलवे, डॉ. नागेन्द्र प्रसाद जायसवाल, डॉ. सतीश अग्रवाल, डॉ. आर.एस. चौहान, डॉ. एस.डी. जाधव, डॉ. पी.के. जैन, डॉ. प्रकाशनी जोशी, डॉ. ज्योति बड़ोले ने अपनी भूमिका सेवा कार्य में निभाई।

# अग्रमंच करेगा खाद्य सामग्री का वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था अग्रमंच के आशीष गोयल एवं दीपिका गोयल ने बताया कि रमेशचंद्र अग्रवाल की पुण्यतिथि 10 अप्रैल को राजकीय बाल संरक्षण आश्रम छावनी में बच्चों को आवश्यक सामग्री एवम फल का वितरण किया जावेगा। संस्था हर वर्ष अग्रवाल की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम करती है।



# ग्रामीणों ने जाने आपदा प्रबंधन से जान बचाने के गुर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सनावदिया के माध्यम से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा 'प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान' के अंतर्गत इंदौर विकासखंड के ग्राम सोनवाय में आपदा प्रतिरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से निपटने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। किस तरह दिक्कत में जान बचाई जाए उसके गुर आपदा प्रबंधन ने दिए। रंगपालसिंह, पंकज कटारिया, वीरेन्द्र तिवारी, विजेन्द्रसिंह डांगी, प्रवेश शर्मा, अरुण पांडे, व्योमकेश घोषी सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

# इंदौर के 30 अस्पताल समेत म.प्र. के 100 से ज्यादा अस्पतालों की आयुष्मान मान्यता खत्म

## अब मुफ्त का इलाज हुआ बंद

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 126 अस्पतालों की मान्यता खत्म कर दी है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में यह कदम उन अस्पतालों पर उठाया गया है, जिन्होंने एनबीएच सर्टिफिकेट की जानकारी तय समय में नहीं दी।आयुष्मान कार्यालय ने पहले अस्पतालों को नोटिस देकर मौका दिया था, लेकिन इन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद इन अस्पतालों को नोटिस देकर जानकारी दी जाएगी। वहीं अब इन अस्पतालों में आयुष्मान के तहत मुफ्त इलाज नहीं मिलेगा।

4 शहरों में 398 में से 126 अस्पताल प्रभावित

यही नहीं प्रदेश के चार बड़े शहरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में कुल 398 अस्पताल योजना से जुड़े हैं। इनमें से 126 अस्पताल एनएबीएच सर्टिफिकेट की जानकारी नहीं दे सके, जिस कारण उन पर कार्रवाई हुई। इनमें भोपाल के 51, इंदौर-30, ग्वालियर-33 और जबलपुर के 12 अस्पताल शामिल हैं। आयुष्मान भारत मध्यप्रदेश के सीईओ डॉ. योगेश भरसट ने कहा, 'यह कदम अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और बेहतर इलाज मिल सके।




इंदौर के इन हॉस्पिटल में अब नहीं मिलेगा कार्ड से इलाज

बारोद हॉस्पिटल, बांठिया हॉस्पिटल, यूनिक सुपरस्पेशियलिटी सेंटर नीमा हॉस्पिटल्स प्रा.लि., सलूजा आई केयर सेंटर, नारायणी हॉस्पिटल, गुरुजी सेवा न्यास, चोइथराम नेत्रालय, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी (इंदौर कैंसर फाउंडेशन ट्रस्ट), चरक हॉस्पिटल प्रा.लि., वेदांत हॉस्पिटल, संकरा आई सेंटर, पीएटी हॉस्पिटल, खंडेलवाल हॉस्पिटल, लक्ष्मी मेमोरियल हॉस्पिटल, एसएमएस एनर्जी हॉस्पिटल, अरिहंत हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मोहक हाईटेक स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, शीफा मेडिकल सेंटर, गीता भवन हॉस्पिटल, सेवाकुंज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, गेटवेल हॉस्पिटल, न्यू इंदौर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मेडिस्ता हॉस्पिटल, प्रमिला हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर, एमएम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, दर्शन हॉस्पिटल, भंडारी हॉस्पिटल, एसीआई सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल (एशियन कैंसर इंस्टीट्यूट)।

# एमवाय हॉस्पिटल के बाहरी हिस्से में भी अब होंगे सौंदर्यकरण के कार्य



**इंदौर।** एमजीएम प्रबंधन द्वारा अब प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में शुमार एमवाय हॉस्पिटल के बाहरी हिस्से को भी सजाने-संवारने के लिए यहां प्रबंधन द्वारा हॉस्पिटल के बाहरी परिसर से लेकर मैनरोड़ पर आकर्षक ब्लाक लगाकर सौंदर्यकरण के कार्यो के साथ लंबे चौड़े नवीन फुटपाथ के निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। जिसके तहत प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल के बाहरी हिस्से में भी अब लंबे समय के बाद लाखों रुपए खर्चकर बाहरी दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग कर सौंदर्यकरण के अन्य काम भी किए जा रहे है।

### पिछले साल भी बड़े बजट के साथ किया था परिसर में सड़कों का निर्माण

गौरतलब है कि इसके अलावा पिछले साल एमजीएम मेडिकल कालेज प्रबंधन द्वारा बड़े बजट के साथ एमवाय हॉस्पिटल के आसपास और खासकर पीछे के साइड के सभी हिस्सों में नई सीमेंट सड़कों का जाल बिछाया गया था। उसके साथ ही संपूर्ण हॉस्पिटल में पर्याप्त रोशनी के लिए आगे और पीछे एक जैसे उजाले के लिए सम्पूर्ण परिसर में करीब 100 से ज्यादा बिजली के नए पोल लगाकर उन पर तेज रोशनी वाली आकर्षक एलईडी लाइटिंग लगाने का काम भी किया गया था। वहीं अब सौंदर्यकरण की योजना के तहत दोबारा काम किया जा रहा है। जिसके तहत वर्तमान में एमवाय हॉस्पिटल के बाहरी हिस्से में मेंन रोड पर आकर्षक ब्लॉक लगाकर बड़े हिस्से में नए फुटपाथ बनाने का काम तेजी के साथ किया जा रहा है।



# अमृत पैलेस कॉलोनी से मुख्य सड़क को जोड़ने वाली लिंक रोड तक नई सीमेंटेड सड़क बनाने की बारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निपानिया क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 36 के अंतर्गत आने वाले पॉश एरिया अमृत पैलेस कॉलोनी से मुख्य सड़क को जोड़ने वाली लिंक रोड तक आने वाले दिनों में बारिश से पहले नई सीमेंट सड़क की सौगात देने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसको लेकर इंदौर नगर निगम के अधिकारियों ने अपनी ओर से यहां के काम की फाइल मंजूरी के बाद पूरी प्लानिंग के साथ अब यहां निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। यही नहीं जिसके बाद कहा जा रहा है कि जल्द काम भी शुरू कर दिया जाएगा ताकि क्षेत्र के रहवासियों के साथ इस मुख्य मार्ग से आने-जाने वाले हजारों राहगिरों को भी इस सड़क निर्माण से सीधा फायदा और बड़ी राहत भी होगी।

जबकि अभी निपानिया क्षेत्र की अमृत पैलेस कालोनी के रहवासियों की परेशानी यह है कि वर्तमान में पुरानी सड़क का कई जगह लेवल गडबड होने से दिक्कत होती है। खासकर बारिश के सीजन में ज्यादा परेशानी होने लगती है। इसी को दूर करने के लिए निगम यहां काम शुरू करने जा रहा है। सड़क निर्माण और चौड़ीकरण प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों के मुताबिक यहां क्षेत्रिय रहवासी परिवारों की लंबे समय की मांग पर अब सालों बाद क्षेत्रीय पार्षद सुरेश कुरवडे के प्रयासों से क्षेत्र के रहवासियों को बारिश से पहले नई सीमेंट सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसके अंतर्गत पुरानी सड़क का गडबड लेवल सुधारकर समतलीकरण कर व्यवस्थित लेवल बनाए रखना है और नई सड़क बनाने की भी तैयारी शुरू हो चुकी है। जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को इस नई सड़क के बनने से भविष्य में बड़ा फायदा होगा।

# सुंदर नगर चौक से लेकर सेक्टर ए विंग ब्रिज तक 40 फीट चौड़ी सड़क पर जल निकासी की लाइन बिछाएगा निगम

## 30 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर शुरू होगा नई लाइन बिछाने का कार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत वार्ड 17 के सुंदरनगर चौक से लेकर सेक्टर ए विंग ब्रिज तक 40 फीट चौड़ी मुख्य सड़क पर निगम आने वाले दिनों में नई जल निकासी लाइन बिछाने का काम शुरू करेगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। बकायदा इसके लिए निविदा भी जारी हो चुकी है। लगातार दूसरी बार प्रयास करते हुए निगम यहां करीब 33 लख रुपए से ज्यादा की लागत से नई जल निकासी लाइन बिछाने को लेकर निविदा आमंत्रित की गई है। जिसके तहत टेंडर संबंधित प्रक्रिया पूरी होते ही निगम बेहद जल्द यहां नई लाइन बिछाने को लेकर काम शुरू कर देगा।

### दो बार प्रयास के बाद अब काम शुरू होने की उम्मीद

वहीं बड़ी बात यह है कि निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर पहले भी दो बार प्रयास कर यहां काम शुरू करवाने के लिए टेंडर संबंधित तमाम प्रोसेस और निविदा प्रक्रिया पूरी की थी। लेकिन किसी भी ठेकेदार ने यहां काम करने में रूचि नहीं दिखाई।जिसके बाद अब दूसरी बार निगम द्वारा प्रयास कर निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू की है और लोगो को इस बार उम्मीद है काम शुरू हो जाएगा।

# आवक बढ़ने से फलों के राजा आम के दाम में अब होने लगी कमी

## 300 रु. किलो के ऊंचे भाव बिकने वाले बादाम अब 150-200 रुपए किलो हुए

**इंदौर।** स्थानीय चौईथराम फल और सब्जी मंडी में इन दिनों फलों के राजा और लोगों के सबसे पसंदीदा फल आम के दाम घटने लगे है। जिससे शुरुआत में 250 से 300 रुपए किलो तक के ऊंचे भाव में बिकने वाला बादाम आम अब घटकर 150 से 200 रुपए किलो के भाव हो गया है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि अब बादाम आम खास की बजाय अब हर आदमी की पहुंच में हो रहा है। दरसअल गर्मी के सीजन में लोगों को आम की विभिन्न किस्मों की वैरायटियों को चखने का इंतजार होता है। जिसमें मुख्य रूप से हापुस बादाम, केसर, तो अल्फासो, तोतापरी लाल पट्टा, लंगड़ा आम सहित अन्य आम की विभिन्न वैरायटी की हमेशा डिमांड रहती है। जिसमें सबसे ज्यादा गुजरात से आने वाला केसर और महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और केरल लाइन के बादाम आम की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है। वहीं वर्तमान में बाजार में केसर के साथ बादाम आम की लगातार आवक बढ़ने से अब दाम भी कम हो गए है।



**बाहर से आने वाली गाड़ियों की आवक बढ़ी और घटने लगें दाम, अब मंडी में बढ़ने लगी खरीदी-**

मूसाखेड़ी और पिपलियाहाना क्षेत्र के थोक और खेरची बाजार के व्यापारियों नितिन भिलारे, विशाल प्रजापति, राकेश लोधी के मुताबिक वर्तमान में लास्ट की लाइन और गुजरात लाइन से बादाम और केसर चुनिंदा आम की किस्मों की वैरायटी की आवक बढ़ने लगी है। जिससे पहले जहां 250 से 300 रुपए किलो के आसपास बिकने वाले बादाम और केसर आम अब 150 से 180 और 200 रुपए किलो के भाव में बिकने लगे है। यही नही अब इसका फायदा ग्राहकी पर भी साफ नजर आ रहा है। पहले ऊंचे भाव के कारण कुछ चुनिंदा खास ग्राहक ही महंगे आम खरीद रहे थे। वहीं अब भाव थोड़े घटने से अब लोगों की पूछ परख और खरीदी भी बढ़ने लगी है। जबकि पहले लोग भाव सुनकर ही भाग जाते थे। वही अब डेढ़ सौ से दो सौ रुपए किलो के भाव हो जाने से आम की डिमांड बढ़ने लगी है और लोग खरीद भी रहे है। हालांकि अभी भी महंगे होने से फिलहाल कम ही खरीदी हो रही है। व्यापारियों का भी कहना है कि आने वाले दिनों में और ज्यादा आवक बढ़ने से जब खेरची बाजार में भाव 100 से 120 रुपए किलो के आसपास हो जाएंगे तब और ज्यादा ग्राहकी और खरीदी बढ़ने की उम्मीद है।

## संपादकीय

# देशभर में बम धमकियों का सिलसिला, सुरक्षा एजेंसियों के लिए नई चुनौती

सरकार और प्रशासन को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा, क्योंकि यह केवल दहशत फैलाने का मामला नहीं है, बल्कि देश की सुरक्षा और तकनीकी क्षमता का भी सवाल है। मई, 2024 में दिल्ली-एनसीआर में एक ही दिन में करीब ढाई सौ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से पुलिस के हाथ-पांव फूल गए थे। देश भर में शिक्षा संस्थानों, अस्पतालों, सरकारी भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थलों को बम से निशाना बनाने की झूठी धमकियों का बढ़ता सिलसिला सुरक्षा की लिहाज से चुनौती बन गया है। ई-मेल या फिर सोशल मीडिया के जरिए इस तरह की धमकियां दी जाती हैं, जिससे न केवल लोगों में दहशत फैलती है, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों का कीमती समय और संसाधन भी बर्बाद होते हैं। बीते सोमवार को चंडीगढ़ के कई स्कूलों और सरकारी इमारतों को बम से उड़ाने की धमकियां ई-मेल पर दी गईं, हालांकि जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। संभवतः धमकी देने वालों का मकसद महज दहशत फैलाना ही रहा होगा। मगर सवाल है कि आखिर इस तरह की घटनाओं पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? क्या सुरक्षा एजेंसियां धमकी देने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने में तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हैं? ये प्रश्न इसलिए महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं, क्योंकि इस तरह के ज्यादातर मामलों में पुलिस या अन्य जांच एजेंसियां अपराधियों तक पहुंच ही नहीं पाती हैं। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में बम की झूठी धमकियां देने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। मई, 2024 में दिल्ली-एनसीआर में एक ही दिन में करीब ढाई सौ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से पुलिस के हाथ-पांव फूल गए थे। हालांकि, इस तरह की तमाम धमकियां झूठी साबित हुईं, लेकिन इससे जहां दहशत का माहौल पैदा हो जाता है, वहीं जांच एजेंसियों के सामने कई चुनौतियां पैदा हो जाती हैं। ऐसे मामलों में अब तक की जांच में सामने आया है कि धमकी भरे ज्यादातर ई-मेल वीपीएन यानी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए विदेशी आईपी पते से भेजे जाते हैं। मगर आज डिजिटल तकनीक इतनी विकसित हो चुकी है कि इसके जरिए दुनिया के किसी भी कोने में छिपे अपराधी को खोजा या पकड़ा जा सकता है। मगर पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों में अलग से बनाई गई साइबर शाखाओं के विशेषज्ञ क्या डिजिटल तकनीक में इतने पारंगत नहीं हैं कि वे ऐसे अपराधियों का पता लगा सकें? सरकार और प्रशासन को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा, क्योंकि यह केवल दहशत फैलाने का मामला नहीं है, बल्कि देश की सुरक्षा और तकनीकी क्षमता का भी सवाल है।

# इंदौर में साइबर ठगों का तांडव...

# निवेश और लिंक के नाम पर शहर के तीन लोगों से 38 लाख की ठगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

डिजिटल इंडिया के दौर में साइबर अपराधी अब और भी शातिर हो गए हैं। इंदौर के लसूड़िया और कनाड़िया थाना क्षेत्रों में ऑनलाइन धोखाधड़ी के तीन बड़े मामले सामने आए हैं। ठगों ने कहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ट्रेडिंग का लालच दिया तो कहीं बैंक मैनेजर बनकर मोबाइल हैक कर लिया।

### ट्रेडिंग के जाल में फंसे बुजुर्ग, गंवाए 31.74 लाख

लसूड़िया थाना क्षेत्र के निपानिया निवासी 73 वर्षीय निशीकांत लेधरीवाले के साथ सबसे बड़ी ठगी हुई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि 16 जनवरी को करण चोपड़ा नामक व्यक्ति ने व्हाट्सएप के जरिए उनसे संपर्क किया और 'क्वांटम एआई' में निवेश कर भारी मुनाफे का लालच दिया। रजिस्ट्रेशन के नाम पर पहले 21 हजार और फिर अलग-अलग किस्तों में कुल 31,74,742 रुपये पंजाब नेशनल बैंक के खाते से ट्रांसफर करवा लिए। जब पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने संपर्क काट दिया।

### मुनाफे के बदले मांगी और रकम, युवक से 4.85 लाख की धोखाधड़ी

लसूड़िया इलाके के ही इंडस सैटेलाइट ग्रीन निवासी सौरभ सिंह कुशवाह भी ट्रेडिंग फ्रॉड का शिकार हुए हैं। सौरभ को अज्ञात नंबरों से मैसेज आए थे। खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताने वाले 'नीलम पवन' नामक व्यक्ति ने उन्हें ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश के लिए प्रेरित किया। सौरभ ने कुल 4.85 लाख रुपये निवेश किए। जब उन्होंने अपना मुनाफा मांगा चाहा, तो ठग ने 1.92 लाख रुपये की और मांग की। पैसा नहीं देने पर आरोपी ने संपर्क बंद कर दिया।

### बैंक मैनेजर बनकर महिला का फोन किया हैक, 1.70 लाख उड़ाए

ठगी का तीसरा मामला कनाड़िया थाने में दर्ज हुआ है। आलोक नगर निवासी 63 वर्षीय अपर्णा शाह को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया। उसने खुद को यूनियन बैंक, पलासिया शाखा का ब्रांच मैनेजर बताया। ठग ने बातों में फंसाकर महिला से एक लिंक पर क्लिक करवाया, जिससे उनका फोन हैक हो गया। इसके बाद ठग ने उनके खाते से 1,70,000 रुपये अन्य खातों में ट्रांसफर कर लिए। पुलिस तीनों मामलों में बैंक ट्रांजेक्शन और मोबाइल नंबरों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। ठगी गई राशि को फ्रीज कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर किया वायरल

**इन्दौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र में महिला का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसकी छवि खराब करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने वीडियो वायरल करने के साथ ही महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शांतिनगर भैसलाय निवासी 40 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी दीपक ने उसके पास मौजूद अश्लील वीडियो को इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। इससे महिला की छवि धूमिल हुई और उसे मानसिक रूप से परेशान होना पड़ा। पीड़िता का आरोप है कि वीडियो वायरल करने के बाद आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

# गाने बजाने पर हुए विवाद में युवक पर डंडे से किया हमला

**इंदौर।** चंदननगर क्षेत्र में तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने युवक के साथ मारपीट कर डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। बीच बचाव करने पहुंचे उसके भाई के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक न्यू नूरानी नगर निवासी अली मंसूरी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके घर के सामने रहने वाले वसीम और उसका बेटा एहमद अक्सर तेज आवाज में होम थिएटर पर गाने बजाते हैं, जिससे पढ़ाई में दिक्कत हो रही थी। रात करीब 9:30 बजे वह आवाज कम करने के लिए कहने गया तो दोनों गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने अली के साथ हाथ थप्पड़ों से मारपीट की और एहमद ने लकड़ी से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया और खून निकलने लगा। इसी दौरान बीच बचाव करने पहुंचे उसके भाई फरहान के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उसे पैर, हाथ और गर्दन में चोटें आईं। चंदननगर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# प्लॉट विवाद में केस वापस लेने की बात कह कर दी धमकी

**इंदौर।** पंढरीनाथ क्षेत्र में प्लॉट विवाद को लेकर बीच बाजार में गाली गलौज कर फरियादी को केस वापस लेने के लिए धमकाया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्रीनपार्क निवासी साजिद पिता नवाब खान ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बहन के प्लॉट को लेकर विवाद चल रहा है, जिसका मामला जिला न्यायालय में विचाराधीन है। वह अपनी पत्नी के साथ सराफा क्षेत्र में काम से गया था और रामलक्ष्मण बाजार स्थित एक दुकान पर रुका हुआ था। इसी दौरान आरोपी बाबु खां उर्फ टिपिया उर्फ इफ्तेखार और उसका बेटा असलान वहां पहुंचे और प्लॉट विवाद को लेकर फरियादी को गालियां देने लगे। आरोपियों ने केस वापस लेने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पंढरीनाथ पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 154100 | 154300 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 241400 | 245200 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# पुराने विवाद में तलवार दिखाकर धमकाया

**इंदौर।** पंढरीनाथ क्षेत्र के छत्रीबाग में पुराने विवाद को लेकर घर के बाहर पहुंचकर गाली गलौज की गई और तलवार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक छत्रीबाग निवासी सतीश राव ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके मोहल्ले में रहने वाले जय यादव, पिंटू निमाड़ी और राजू उसके घर के बाहर आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर जय यादव ने उसके साथ झूमाझटकी की और तलवार दिखाकर डराने लगा। शोर सुनकर फरियादी का बेटा और बड़ा भाई मौके पर पहुंचे और बीच बचाव किया। इसके बाद आरोपी जाते जाते धमकी देकर गए कि अगली बार परिवार का कोई भी सदस्य घर के सामने से निकला तो जान से खत्म कर देंगे। पंढरीनाथ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जनसुनवाई में रोती मां की पुलिस ने सुनी पुकार बेटे को करवाया कर्तव्यों का अहसास

**एसीपी कार्यालय में हुई काउंसलिंग, बेटे ने मां के पैर छूकर मांगी माफी, अब हर महीने देगा 8 हजार खर्च**



**इंदौर।** पुलिस का चेहरा अक्सर सख्त और दंडात्मक माना जाता है, लेकिन इंदौर पुलिस ने एक बार फिर अपनी मानवीय संवेदनाओं से एक बिखरते परिवार को जोड़ दिया। जनसुनवाई में अपने ही बेटे की प्रताड़ना से टूटकर रोती हुई पहुंची एक मां को पुलिस ने न केवल न्याय दिलाया, बल्कि उनके घर की खुशियां भी लौटा दीं।



फरियादी बुजुर्ग मां राजू प्रताप ने पुलिस कमिश्नर के समक्ष रोते हुए अपनी व्यथा सुनाई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनका बेटा उन्हें खर्च नहीं देता, उनके साथ मारपीट करता है और बहू भी मानसिक रूप से प्रताड़ित करती है। बुजुर्ग मां की हालत और उनकी आंसुओं भरी गुहार देखकर पुलिस आयुक्त ने तुरंत संज्ञान लिया और एसीपी हीरानगर को त्वरित काउंसलिंग के निर्देश दिए। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर एसीपी कार्यालय में मां, उनके बेटे और परिवार की अन्य बहनों को बुलाया गया। इस संवेदनशील मामले को सुलझाने के लिए थाना प्रभारी और क्षेत्र की अनुभवी महिला काउंसिलर्स को भी शामिल किया गया। सभी पक्षों को विस्तार से सुना गया। काउंसिलर्स और पुलिस अधिकारियों ने बेटे को उसके कर्तव्यों का आभास कराया और बुजुर्ग माता-पिता के प्रति उसकी जिम्मेदारियों को लेकर फटकार भी लगाई।काउंसलिंग के दौरान मां ने सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए अपने खर्चे हेतु 8,000 रुपये प्रति माह और रहने के लिए दो कमरों के किराए की मांग रखी। पुलिस की समझाइश के बाद बेटे का हृदय परिवर्तन हुआ और उसने खुशी-खुशी इन शर्तों को स्वीकार कर लिया।काउंसलिंग का अंत किसी फिल्मी दृश्य से कम भावुक नहीं था। अपनी गलती का अहसास होने पर बेटे ने भरी सभा में मां के चरण स्पर्श किए और उनसे माफी मांगी। पुलिस टीम ने दोनों का मुंह मीठा करवाकर विवाद को शांत कराया।

# इंटर स्कूल ओपन स्क्वॉश प्रतियोगिता आज से



**इंदौर।** शहर के खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से एमरल्ड हाईट्स वर्ल्ड स्कूल में इंटर स्कूल ओपन स्क्वॉश प्रतियोगिता आज से प्रारंभ होगी। इस दौरान विभिन्न आयु वर्गों में सैकड़ों खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे।

स्कूल के निदेशक सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि यह शहर में आयोजित होने जा रही ग्रीष्मकालीन सत्र की सबसे बड़ी स्क्वॉश स्पर्धा है, जिसमें 200 के करीब खिलाड़ी बालक और बालिका वर्ग में हिस्सा लेंगे। स्पर्धा का शुभारंभ स्कूल के निदेशक मुक्तेश सिंह के आतिथ्य में होगा। सभी आयु के खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का पर्याप्त अवसर मिले, इसे ध्यान में रखते हुए स्पर्धा में अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 आयु वर्ग के मैच खेले जाएंगे। स्पर्धा का फाइनल 10 अप्रैल को होगा। खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव दिलाने के लिए छह अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्क्वॉश कोर्ट पर मैच खेले जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी स्कूल के खेल अधिकारी संजय मिश्रा, प्रशिक्षक नितिन गौड एवं नवीन सिंह से संपर्क कर सकते हैं।

# आज दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस की भिड़ंत

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी मजबूती बनाए रखना है तो आज गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीतना होगा। दिल्ली में होने वाले मैच में केएल राहुल समेत दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। समीर रिजवी पर ज्यादा निर्भरता भारी पड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी मजबूती बनाए रखना है तो बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीतना होगा। दिल्ली में होने वाले मैच में केएल राहुल समेत दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टीम ने गेंदबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे वह पिछले कुछ मैच जीतने में सफल रही। बल्लेबाजी में उसकी तरफ से 22 वर्षीय समीर रिजवी ने अधिक जिम्मा संभाला है। इस युवा बल्लेबाज ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करके प्रभावित किया है। हालांकि उन पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता दिल्ली कैपिटल्स को भारी पड़ सकता है।

# राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर पहुंची एमआई को हुआ भारी नुकसान

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 19वें सीजन का 13वां मुकाबला भले ही 11-11 ओवर का हुआ था, लेकिन फिर भी रोमांचक था। ये मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच था, जिसमें राजस्थान की टीम ने 27 रनों से जीता और आईपीएल 2026 की पॉइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल कर लिया है। पंजाब किंग्स जो पांच अंकों के साथ पहले स्थान पर थी, अब दूसरे स्थान पर खिसक गई है। एमआई को भी अपनी हार से बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है।

राजस्थान रॉयल्स अब लगातार तीसरा मैच जीतकर 6 अंकों के साथ नंबर वन की कुर्सी पर विराजमान है। पंजाब किंग्स पांच पॉइंट्स के साथ दूसरे पायदान पर है, जबकि तीसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है, जो 2 मैच जीतकर चार अंक हासिल कर चुकी है। दिल्ली कैपिटल्स के खाते में भी चार पॉइंट हैं और टीम चौथे स्थान पर है, लेकिन नेट रन रेट आरसीबी का अच्छा है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 3 में से एक मैच जीता है और टीम पांचवें स्थान पर है।

आईपीएल 2026 पॉइंट्स टेबल में अभी तक छठे स्थान पर मुंबई इंडियंस थी, लेकिन अब इस नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स पहुंच गई है, जबकि मुंबई इंडियंस सातवें स्थान पर खिसक गई है। कोलकाता नाइट राइडर्स 3 मैचों में एक पॉइंट के साथ आठवें नंबर पर विराजमान है, जबकि 9वें स्थान पर गुजरात टाइटन्स है, जो अपने पहले दोनों मैच हार चुकी है। सबसे आखिरी पायदान पर चेन्नई सुपर किंग्स है, जो लगातार तीन मैच इस सीजन में हार चुकी है। पांच बार की चैंपियन टीम की हालत इस सीजन खराब रही है।

राजस्थान रॉयल्स वर्सेस मुंबई इंडियंस मैच की बात करें तो यह बारिश के कारण 11-11 ओवर का हुआ था। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान की टीम ने 150 रनों का टोटल बना दिया था। एमआई के सामने 151 रनों का लक्ष्य था। मुंबई इंडियंस को शुरुआत अच्छी नहीं मिली और फिर टीम 123 रनों तक ही पहुंच पाई और मुकाबला हार गई।

# पिपलियापाला क्षेत्र में राहुल गांधी नगर के लोगों को मिलने वाली है नई सड़क की सौगात

## हनुमान मंदिर मेंनरोड से प्रतिक्षा ढाबा तक 90 लाख से ज्यादा खर्चकर बनेंगी नई सीमेंटेड सड़क

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पिपलियापाला क्षेत्र में राहुल गांधी नगर के रहवासियों को आने वाले दिनों में बेहद जल्द बारिश शुरू होने से पहले नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसके अंतर्गत हनुमान मंदिर मेंनरोड से प्रतिक्षा ढाबा तक निगम द्वारा लगभग 94 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर क्षेत्र के रहवासियों के लिए नई सीमेंट सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इससे क्षेत्र के सैकड़ो रहवासी परिवारों की लंबे समय की मांग पूरी होने के साथ लोगों को सालों पुरानी आधी-अधूरी सड़क की बजाय नई चमचमाती सीमेंट सड़क की सौगात भी मिलने वाली है। जिसको लेकर वर्तमान में निगम द्वारा सड़क निर्माण को लेकर निविदा संबंधित प्रोसेस और प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## *लोगों का लम्बा इंतजार होगा खत्म : अब शुरू होगा नई सड़क निर्माण कार्य*

वही खास बात यह है कि पिपलिया पाला क्षेत्र के रहवासियों में नई सड़क निर्माण की तैयारी से बेहद खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि लगातार मांग के बाद अब जाकर क्षेत्रिय विधायक मधु वर्मा के प्रयासों से क्षेत्र की सालों पुरानी मांग पर आधी - अधूरी सड़क के बजाय अब नई सीमेंट सड़क बनने जा रही है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी लंबे समय से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग कर रहे थे वहीं विधायक के प्रयासों से अब जाकर लोगों को बारिश से पहले नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिससे लोगों में बेहद खुशी और उत्साह का माहौल है। वहीं निगम अधिकारियों के मुताबिक अगले माह टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही हाथों-हाथ नई सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाएगा ताकि मानसून में लोगों को ज्यादा परेशानी न हो।

# खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**इंदौर।** संचालनालय, खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रोत्साहन नियम 2019 के नियम क्रमांक 8 में मान्यता प्राप्त खेल संघ द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को राशि 10000, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को राशि 8000 एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 6000 रुपए का खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। खेल अधिकारी रीना चौहान ने बताया कि वर्ष 2025 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन दिनांक 31 मई तक स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति हेतु आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला इन्दौर, कार्यालय पुलिस उपायुक्त जोन 1 एवं 3, रानी सराय, रीगल चौराहा, इन्दौर से प्राप्त कर सकते है। दिनांक 31 मई के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जाएगा। खेलवृत्ति हेतु निर्धारित दिशा-निर्देश व नियमावली विभागीय वेबसाईट डीएसवायडब्ल्यूएमपी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है । कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रानी सराय जिला इंदौर पर दे सकते है।

# निगम आयुक्त की सख्ती से उपयंत्री और ड्रेनेज सुपरवाइजर कार्य मुक्त

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वार्ड 18 के कुशवाह नगर भगतसिंह मेनरोड पर ड्रेनेज लाइन के खुले चेम्बर में नागरिक के गिरने के बाद मामला सुर्खियों में आया था। इसी मामले में निगम आयुक्त का सख्ती का रूख दिखा और उन्होंने उपयंत्री वैभव शिवरे और ड्रेनेज सुपरवाइजर गगन मालवीय को कार्य मुक्त कर उनके पारिश्रमिक भुगतान पर तत्काल रोक भी लगा दी।

## सुस्वाणी माता को छप्पन भोग और महाआरती आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माँ सुस्वाणी भक्त मंडल से सुराणा परिवार जुड़ा है इस मामले में सुराणा परिवार की ओर से जानकारी दी गई कि माँ सुस्वाणी माता का दो दिवसीय आयोजन रजत जयंती महोत्सव के अन्तर्गत मोदीजी की नसिया बड़ा गणपति पर किया जाएगा। 11 अप्रैल को माता सुस्वाणी को छप्पन भोग लगाए जाएंगे, महाआरती और भजन संध्या का आयोजन भी होगा। वहीं 12 अप्रैल दोपहर को स्वामी वात्सल्य प्रसादी का आयोजन भी किया गया है। यह आयोजन का 25वां वर्ष है। माता का विशेष श्रृंगार लोकेश जैन, राम मिश्रा, नितेश जैन करेंगे। गायक बाबू राजोरिया, महेश ठाकुर, सुशील सुराणा प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में कई राजनेताओं को भी बुलाया गया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी,अनुभाग राऊ जिला-इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक/1500/री राऊ/2026 इन्दौर दिनांक 06/04/2026

**-उद्घोषणा-**

एतद् द्वारा द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरीश आर्य अध्यक्ष तर्फे 'शुभम ग्रीन्स बी-ब्लॉक वेलफेयर सोसायटी पत्ता शुभम ग्रीन्स अपार्टमेंट, केट रोड, रंगवासा राऊ इंदौर जिला म.प्र. प्रकोष्ठ स्वामित्व अधिनियम 1960 की धारा 18 के अन्तर्गत **'शुभम ग्रीन्स बी-ब्लॉक वेलफेयर सोसायटी'** का विधिवत पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

अतः उक्त आवेदन के सम्बंध में किसी व्यक्ति / सस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकरण में पेशी दिनांक 24/04/2026 तक अपनी स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग राऊ-जिला इन्दौर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**विद्युत विभाग**
E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.: 01/26-27/
ई टेंडर C.E/E&M

**निविदा सूचना**

दिनांक: 06/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026-UAD-497538 06-04-2026 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अंतर्गत परदेशीपुरा सफेद मंदिर के सामने से आय. टी आय.. ज्ञानसिंह प्रतिमा चौराहा तक सेन्ट्रल लाईट के क्षतिग्रस्त केबल एवं छोटे पोल की टूटी फुटी हण्डिया आदि बदलने संबंधी कार्य। ( चतुर्थ आमंत्रण) | 01 माह ₹7,07,856/- | ₹2,000/- ₹7100/- | 13-04-2026 5:30 P.M. |
| 2 | 2026-UAD-497554 06-04-2026 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर विद्युत पोल लगाकर प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | 01 माह ₹2,90,838/- | ₹2,000/- ₹ 2,950/- | 13-04-2026 5:30 P.M. |
| 3 | 2026-UAD-497558 06-04-2026 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अंतर्गत विश्वकर्मा सुमन वाटिका एवं माता प्रसाद तिवारी के घर के सामने उद्यान में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था संबंधी कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण) | 01 माह ₹5,22,080/- | ₹2,000/- ₹ 5300/- | 13-04-2026 5:30 P.M. |
| 4 | 2026-UAD-497564 06-04-2026 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 22 के अंतर्गत हीरा नगर थाने से रविदास नगर जानेवाले मार्ग पर स्थित एच.टी/एल.टी. विद्युत पोल को शिफ्ट करने संबंधी कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | 02 माह ₹8,98,288/- | ₹2,000/- ₹9,000/- | 13-04-2026 5:30 P.M. |
| 5 | 2026-UAD-497571 06-04-2026 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 24 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नवीन पोल लगाकर प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (पंचम आमंत्रण) | 02 माह ₹15,32,281/- | ₹2,000/- ₹ 11,500/- | 21-04-2026 5:30 P.M. |
| 6 | 2026-UAD-497600 06-04-2026 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 50 के अंतर्गत श्रीमंगल नगर कॉलोनी स्थित विभिन्न उद्यानों में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था करने संबधी कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण) | 01 माह ₹13,62,201/- | ₹2,000/- ₹10,500/- | 21-04-2026 5:30 P.M. |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर शिल्पज्ञ
नगर पालिक निगम, इन्दौर



# वैभव के पास जिस तरह के शॉट्स हैं उसे देखना कमाल का है : हार्दिक

**गुवाहाटी।** मुंबई इंडियंस को राजस्थान रॉयल्स से आईपीएल 2026 के अपने तीसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। तीन मैचों में एमआई की ये दूसरी हार है। ये मैच 11-11 ओवर का था और इस मुकाबले में एमआई के गेंदबाजों ने 150 रन बनवा दिए। जसप्रीत बुमराह से लेकर दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, शार्दुल ठाकुर और खुद कप्तान हार्दिक पांड्या की धुनाई हुई। हार्दिक ने भी हार का जिम्मेदार गेंदबाजों को ही ठहराया है। उनका कहना है कि इस मैच में गेंदबाजों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी, जिन्होंने नहीं ली। हार्दिक ने वैभव सूर्यवंशी की भी तारीफ की।

हार्दिक पांड्या ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कहा, मुझे लगता है कि हमने वैसी बॉलिंग

### हार की जिम्मेदारी गेंदबाजों को लेना होगी

(पावरप्ले में) नहीं की जैसी हमें करनी चाहिए थी और उन्होंने अच्छा खेला। हमारे बॉलर्स को जिम्मेदारी लेनी होगी। एक बॉलिंग ग्रुप के तौर पर, हम बिल्कुल भी अच्छा नहीं कर पाए और उन्होंने जबरदस्त क्रिकेट खेला। मैं इस गेम को बैटिंग पर नहीं डालूंगा। यह निश्चित रूप से बॉलिंग यूनिट थी, जिसे जिम्मेदारी लेनी थी। यह टी-20 क्रिकेट है, यह हमेशा सही कुछ बॉल डालने के बारे में है और अगर आप 27 (रन की हार) देखते हैं, तो इसका मतलब है कि हम पांच अच्छी बॉल और पांच कम छक्के की बात कर रहे हैं। इसलिए अगर हमने सही बॉल डाली होती, तो हां, हम गेम में होते, लेकिन जैसा कि मैंने कहा, उनके ओपनर्स ने कुछ ओवर जबरदस्ती करवाए, हमें गेम से बाहर कर दिया। फिर पूरे समय हम बराबरी कर रहे थे और हां, हम पीछे रह गए।

वैभव सूर्यवंशी को लेकर हार्दिक पांड्या ने कहा, एक 17 या 16 साल के लड़के को जिस तरह से उसने खेला, उसे देखना काफी दिलचस्प है। उसी समय, इतनी सारी बातें करना। गेम की तैयारी में उसे बहुत सपोर्ट किया गया। तो हां, जिस तरह से वह बैटिंग करता है, उसमें जिस तरह की निडरता है, उसके पास जिस तरह के शॉट्स हैं, उसे देखना कमाल का है। मैं उसे भविष्य के लिए बहुत-बहुत गुड लक विश करता हूं। आरसीबी के खिलाफ अगले गेम के बारे में हार्दिक ने कहा, 'बस गलतियों से सीखें। कल सुबह होगी, सूरज निकलेगा। तो हां, बस अपनी गलतियों से सीखें और अगले गेम के लिए अच्छी तैयारी करें। एमआई को अब घर पर मुकाबला खेलना है।

## हम पर कोई यकीन नहीं कर रहा था, मगर हम कर दिखाएंगे : पराग



**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स इस साल कमाल की फॉर्म में नजर आ रही है। रियान पराग की कप्तानी वाली टीम तीन में से तीन मैच जीत चुकी है। राजस्थान ने पहले मैच में चेन्नई को हराया था, दूसरे मैच में गुजरात टाइटन्स को हराया था और तीसरे मैच में मुंबई इंडियंस को हराया है। दो टीमों के पास 5-5 आईपीएल टाइटल हैं, जबकि एक टीम एक खिताब जीत चुकी है। एमआई को हराने के बाद आरआर के कप्तान रियान पराग ने पूरी टीम को शाबासी दी। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, जोफ्रा आर्चर और नंद्रे बर्गर को सराहा।राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने सीजन की लगातार तीसरी जीत पर पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में कहा, बहुत अच्छा लग रहा है। जिस तरह से लड़कों ने हर गेम में अच्छा खेला है, मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं मांग सकता। उन्हें शाबाशी। मुझे हमेशा से पता था कि यह टीम बहुत मजबूत है। जब हमारा ऑक्शन हुआ था, तब भी मुझे पता था कि हम बहुत मजबूत टीम हैं, क्योंकि हमारे पास एक मजबूत कोर ग्रुप है और वे बहुत यंग भी हैं।

# यशस्वी ने हिलाया सिंहासन और टॉप 5 में सूर्यवंशी

**गुवाहाटी।** आईपीएल 2026 का 13वां मुकाबला मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेला गया। आरआर ने गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में एमआई को 27 रनों से शिकस्त दी। यह मैच बारिश से प्रभावित रहा, जिसकी वजह से 11-11 ओवर का हुआ। आरआर ने 151/3 का स्कोर खड़ा करने के बाद एमआई को 123/9 पर रोक दिया। राजस्थान ने जीत की हैट्रिक लगाई है जबकि मुंबई ने लगातार दूसरी हार का सामना किया। आरआर के ओपनर यशस्वी जायसवाल आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की रेस में लंबी छलांग लगाकर शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

### यशस्वी ने हिलाया रिजवी का सिंहासन

यशस्वी ने मुंबई के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 32 गेंदों में 10 चौकों और चार छक्कों के दम पर नाबाद 77 रन बनाए। यशस्वी ने ऑरेंज कैप लिस्ट में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के समीर रिजवी का सिंहासन हिला दिया है। उनके अब तीन मैचों में 170 रन हो गए हैं। उन्होंने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ पिछले मैच में भी फिफ्टी जमाई थी। रिजवी के



खाते में दो मैचों में 160 रन हैं। आरआर के 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवशी की टॉप 5 में एंट्री हो गई है। वह तीन मैचों में 122 रनों के साथ चौथे स्थान पर हैं। सूर्यवंशी ने एमआई के सामने 14 गेंदों में 39 रन जुटाए, जिसमें एक चौका और पांच छक्के हैं। एमआई के रोहित शर्मा (तीन मैचों में 118) पांचवें नंबर पर बरकरार हैं। वह राजस्थान के खिलाफ 6 गेंदों में 5 रन ही बना सके।

### टॉप 2 में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज

पर्पल कैप भी राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी के पास है। आरआर के स्पिनर रवि बिश्नोई आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में टॉप पर हैं। वह तीन मैचों में सात शिकार कर चुके हैं। उन्होंने एमआई के खिलाफ दो ओवर में 25 रन देकर दो विकेट हासिल किए। आरआर के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट अपने नाम किए हैं।

बर्गर ने मंगलवार को दो ओवर में 21 रन देकर दो सफलता हासिल की। बर्गर के अलावा पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के विजयकुमार वैशाख, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के जैकब डफी और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कम्बोज ने भी अब तक पांच-पांच शिकार किए हैं।



### अजीज की घातक गेंदबाजी से राऊ क्लब की विशाल जीत



**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में इंदौर कोल्टस द्वारा आयोजित स्व परमदीप सिंह पठानिया स्मृति अंडर-14 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत राऊ क्लब एवं एसएस कम्यून के मध्य मैच खेला गया जिसमें राऊ क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 37 ओवरो में सभी विकेट खोकर 236 रन बनाये। पारस अग्रवाल ने 88 रन, सिद्धार्थ कुमार ने 75 रन बनाये। अंश चौहान ने 4 विकेट लिये। जवाब में एसएस कम्यून की टीम 23 ओवरो में 120 रनों पर सिमट गई और यह मैच 116 रनों के विशाल अंतर से हार गई। अरस्तु चौधरी ने सर्वाधिक नाबाद 36 रन बनाये। अजीज हुसैन ने घातक गेदबाजी करते हुए 5 विकेट लिये।

## जब बुमराह की गेंद पर वैभव ने लगाए छक्के, पूरा स्टेडियम रह गया दंग





**गुवाहाटी।** शुरुआती मैचों में बहुत हद तक 'ठंडे' रहने के बाद अब इंडियन प्रीमियर लीग अगले स्तर पर जाती दिख रही है। और इसमें अभी तक सबसे ज्यादा रंग भरने का काम किया है वैभव सूर्यवंशी ने। मंगलवार को गुवाहाटी के बिरासापारा स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से एक दिन पहले तक यही सबसे बड़ी चर्चा थी कि वैभव और जसप्रीत बुमराह की जंग में कौन किस पर भारी पड़ेगा। वास्तव में मैच से पहले यही टक्कर मैच का सबसे आकर्षण बन कर रह गई थी। मीडिया से लेकर पूर्व क्रिकेटर और आम फैंस से लेकर हर कोई इसी बारे में बात कर रहा था। और जब बारिश के कारण तय हुए 11-11 ओवरों के मुकाबले में यह वास्तविक मुकाबला हुआ, तो वैभव ने करोड़ों प्रशंसकों को अपने अंदाज से क्रेजी कर दिया।

### तूफानी आगाज... मुस्कुराकर रह गए बुमराह

जस्सी ने सोचा भी नहीं होगा कि जब वह 15 साल के वैभव को पहली गेंद फेंकेंगे, तो कुछ ऐसी तस्वीर देखने को मिलेगी। यह लेग साइड पर एक स्लोअर-वन बॉल थी। और वैभव ने बाजुओं की ताकत दिखाते हुए लांग-ऑन के ऊपर से लॉफ्टेड-शॉट से छक्का जड़ा, तो पूरा क्रिकेट जगत रोमांचित से भर गया, लेकिन बुमराह मुस्कुराते हुए रन-अप की ओर गए। और उन्होंने इसे बहुत ही सहजता से लिया

### ...दिग्गज के सम्मान से खेल गए वैभव, जस्सी हुए पानी-पानी!

लेकिन जो चौथी गेंद पर हुआ, उसने मानो इस बार बुमराह के सम्मान पर वार किया। यह भी शॉर्ट-पिच और थोड़ी गति परिवर्तन कर फेंकी गई गेंद थी, लेकिन वैभव का बल्ला पुल शॉट के लिए घूमा, तो यह गनगनाती हुई स्कवॉयर लेग बाउंड्री के ऊपर से छक्के के लिए चली गई। बुमराह मानो पानी-पानी हो गए। उनका चेहरा मानो शर्म से पानी-पानी हो गया। यह मानो दुनिया के सबसे दिग्गज बॉलर के सम्मान के साथ खेलने जैसा था। बहरहाल, मैच से पहले चली आ रही इस जंग की चर्चा को वैभव ने अपने वर्चस्व के साथ खत्म किया। उन्होंने बुमराह की कुल 5 गेंद खेलीं और दो छक्कों से 14 रन बनाए।

# बेटी की पढ़ाई के लिए टीवी बंद करने को कहा, तो पत्नी के पेट में घोंपा चाकू

## *परदेशीपुरा क्षेत्र की घटना,पेपर की तैयारी कर रही थी बेटी*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित 'कुलकर्णी का भट्टा' इलाके में एक सनकी पिता ने अपनी ही पत्नी पर सिर्फ इसलिए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, क्योंकि उसने बेटी की पढ़ाई के लिए टीवी बंद करने को कहा था।**

फरियादी रेखा निमजे ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी मीनाक्षी के वर्तमान में पेपर चल रहे हैं। बेटी घर में पढ़ाई कर रही थी, लेकिन उसका पति शिवप्रसाद निमजे तेज आवाज में टीवी देख रहा था। पढ़ाई में खलल पड़ने पर जब बेटी ने पिता से टीवी बंद करने का अनुरोध किया, तो शिवप्रसाद उग्र हो गया और चिल्ला-चोट करने लगा।बेटी और पति के बीच बढ़ते विवाद को देख रेखा निमजे वहां पहुंचीं। उन्होंने पति को समझाते हुए कहा कि बच्ची का पेपर है, उसे डिस्टर्ब हो रहा है, आप टीवी बंद कर दीजिए।इतनी सी बात सुनते ही शिवप्रसाद आपे से बाहर हो गया और गालियां देने लगा। जब पत्नी ने उसे गाली देने से मना किया, तो उसने पास ही पड़ा सब्जी काटने वाला चाकू उठाया और रेखा के पेट में मार दिया।चाकू लगते ही रेखा के पेट से खून बहने लगा और वह लहूलुहान हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग और परिजन मदद के लिए दौड़े। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। परदेशीपुरा पुलिस ने आरोपी पति शिवप्रसाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है

# माँ, बेटी और दामाद पर हमले के बाद बजरंगियों ने घेरा थाना

## दूसरे वर्ग के लोगों पर लगे मारपीट और जातिसूचक शब्दों के आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट





रावजी बाजार थाना क्षेत्र के जबरन कालोनी में कल विवाद की स्थिति बन गई। फरियादी रानू पति अनोखी सेन निवासी जबरन कालोनी ने बजरंग दल पदाधिकारियों के साथ रावजी बाजार थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि कल शाम श्वान को खाना खिलाने के मामले में सरफराज और साले आबिल ने विवाद किया और विवाद का रानू सेन ने विरोध किया तो सरफराज और आबिल ने गालियां देते हुए जाति सूचक शब्दों का इस्तमाल किया और डंडों से हमला बोला। पीड़िता की बेटी जान्हवी को भी बेरहमी से पीटा गया, जान्हवी के पेट पर लात मारी गई। जान्हवी को बचाने जवाई अक्षय भी बीच में आए तो उन्हें भी पिटा गया, तीनों के साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तमाल हुआ। बजरंगियों ने थाना पर नारेबाजी भी की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

# तीन बेटियों के दिव्यांग पिता ने फंदे पर झूलकर दी जान

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में एक ई-रिक्शा चालक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक दोनों पैरों से दिव्यांग था और कड़ी मेहनत कर अपने परिवार की जिम्मेदारी उठा रहा था। शुरुआती जांच में गृहक्लेश को आत्महत्या की मुख्य वजह माना जा रहा है। मृतक का नाम रवि पिता दिनेश (34) निवासी जगजीवन राम नगर है। घटना के समय रवि घर पर अकेला था। उसकी पत्नी काम पर गई हुई थी। जब परिवार के अन्य सदस्यों ने उसे फंदे पर लटका देखा, तो तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे जहां परीक्षण के पश्चात डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटे भाई रितेश ने बताया कि रवि शारीरिक रूप से अक्षम होने के बावजूद स्वाभिमानी था। वह ई-रिक्शा चलाकर अपनी तीन बेटियों और पत्नी का पालन-पोषण कर रहा था। रवि और उसकी पत्नी के बीच अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद होता रहता था। रितेश ने आशंका जताई है कि संभवतः इसी पारिवारिक कलह और मानसिक तनाव के चलते उसके भाई रवि ने यह खौफनाक कदम उठाया है।एमआईजी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल मृतक के परिजनों और पत्नी के विस्तृत बयान लिए जा रहे हैं, ताकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

# बीच सड़क पर ड्रामा.. दूसरी पत्नी ने खर्चे के लिए रोका रास्ता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**मना करने पर पत्थर मारकर सिर फोड़ा**

राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में बीती शाम एक पारिवारिक विवाद सड़क पर आ गया। घर लौट रहे एक व्यक्ति को उसकी दूसरी पत्नी ने अस्पताल के सामने घेर लिया। विवाद खर्चों के पैसों को लेकर शुरू हुआ, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। आरोपी महिला ने सड़क पर पड़ा पत्थर उठाकर पति के सिर पर दे मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने आरोपी महिला और उसके साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी प्रफुल्ल सोनोने निवासी लोकमान्य नगर।ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बीती शाम रेती मंडी होते हुए पैदल अपने घर जा रहा था। जब वह इन्द्रा मेमोरियल अस्पताल के सामने पहुँचा, तभी वहां उसकी दूसरी पत्नी रीता बाकोडे अपने एक साथी के साथ खड़ी थी। रीता ने प्रफुल्ल को रोक लिया और उससे रुपयों की मांग करने लगी। प्रफुल्ल ने पुलिस को बताया कि उसने रीता को पैसे देने से साफ मना कर दिया। उसने कहा कि 'तुम पिछले दो साल से मेरे साथ नहीं रह रही हो, इसलिए मैं तुम्हें खर्चे के लिए रुपये नहीं दूंगा।' इसी बात पर रीता भड़क गई और बीच सड़क पर प्रफुल्ल को गालियां देने लगी। जब प्रफुल्ल ने गाली देने से मना किया, तो रीता ने पास पड़ा एक बड़ा पत्थर उठाया और प्रफुल्ल के सिर पर दे मारा। पत्थर लगने से प्रफुल्ल के सिर से खून बहने लगा। इसी दौरान रीता के साथ मौजूद उसके अज्ञात साथी ने भी प्रफुल्ल पर हमला कर दिया और उसे हाथ-मुक्कों से बुरी तरह पीटा। वारदात के बाद आरोपी महिला यह धमकी देते हुए भाग निकली कि अगर अगली बार खर्चे के रुपये नहीं दिए, तो तुझे जान से मार दूंगी।

# शादी का वादा कर मुकरा प्रेमी प्रताड़ना से तंग आकर मेहंदी आर्टिस्ट युवती ने की आत्महत्या

## पिता ने प्रेमी और उसके परिवार पर लगाए आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवती द्वारा फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का मामला सामने आया है। मृतका मेहंदी और डांस क्लास संचालित करती थी। परिजनों का आरोप है कि प्रेमी और उसके पिता द्वारा शादी के वादे से मुकर जाने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के कारण उनकी बेटी ने यह आत्मघाती कदम उठाया।



मृतका का नाम रिया पिता संजू (23) निवासी कालिंदी नगर है। रिया मेहंदी व डांस की कक्षाएं चलाकर अपने परिवार का सहयोग करती थी। मंगलवार को रिया का शव उसके घर में फंदे से लटका हुआ मिला।मृतका के पिता संजू ने बताया कि रिया का हीरा नगर निवासी विजय कौशल नामक युवक के साथ लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। विजय ने रिया से शादी करने का वादा किया था और दोनों के परिवारों को इस रिश्ते की जानकारी थी।रिया के पिता का कहना है कि पिछले कुछ समय से विजय और उसके पिता अपने वादे से मुकर गए थे। वे न केवल शादी से इनकार कर रहे थे, बल्कि रिया को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी कर रहे थे। इसी धोखे और प्रताड़ना से रिया गहरे तनाव में थी। पिता का आरोप है कि इसी दुख के कारण रिया ने मौत को गले लगा लिया।बाणगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# कंपनी में उपद्रव, सीसीटीवी फोड़े और मालिक के बेटे को पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

## *वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर बाणगंगा क्षेत्र की आशा कन्फेशनरी में तोड़फोड़, 5 नामजद, आरोपियों पर केस दर्ज*

**बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित सांवेर रोड सेक्टर-सी में एक कंपनी परिसर जंग के मैदान में तब्दील हो गया। आशा कन्फेशनरी में काम करने वाले कुछ कर्मचारियों और उनके साथियों ने मिलकर न केवल कंपनी के गेट और ऑफिस में तोड़फोड़ की, बल्कि बीच-बचाव करने आए मालिक के बेटे और सुरक्षा गार्ड के साथ भी जमकर मारपीट की।**

पुलिस ने इस मामले में पांच मुख्य आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी अनिल कुमार शर्मा निवासी नंदानगर ने पुलिस को बताया कि कंपनी में काम करने वाले पुरुषोत्तम इंगले और नीलेश गुर्जर ने सुबह कंपनी के बाहर खड़े होकर अन्य श्रमिकों को अंदर जाने से रोक दिया। जब कंपनी मालिक के बेटे संस्कार दरियानी उन्हें समझाने पहुंचे, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने संस्कार के साथ हाथ-थप्पड़ से मारपीट शुरू कर दी।विवाद के दौरान आरोपियों के साथी मनीष यादव निवासी सागर, शुभम रघुवंशी निवासी विदिशा और लवकेश निवासी ललितपुर भी वहां पहुंच गए। आक्रोशित भीड़ ने कंपनी परिसर में घुसकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और सिक्योरिटी ऑफिस व मुख्य कार्यालय के कांच फोड़कर भारी नुकसान पहुंचाया। जब सुरक्षा गार्ड रतन सिंह ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो उपद्रवियों ने उसे भी पीट दिया।आरोपियों का मुख्य गुस्सा वेतन न बढ़ने को लेकर था।तोड़फोड़ करते हुए आरोपी चिल्ला रहे थे कि अगर हमारी सैलरी नहीं बढ़ाई, तो तुझे और तेरे परिवार को खत्म कर देंगे और पूरी कंपनी में आग लगा देंगे।बाणगंगा पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर पुरुषोत्तम, नीलेश, मनीष, शुभम और लवकेश के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि अन्य उपद्रवियों की पहचान की जा सके।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।